ISSUE 02

ए आर ए आई
ARAI
Progress through Research

# ARAI स्पंदन

वर्ष 1 अंक 2 जुलाई 2025 • Vol. 1, Issue 2, July 2025

July 2025



In-House Publication of:

**The Automotive Research Association of India, Pune( Maharashtra) India**

Research Institute of The Automotive Industry with the Ministry of Heavy Industries, Govt of India




Art by Raghu B. Yadav, HRM&A

| Sl. No. | विषय–सूची / TABLE OF CONTENTS | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक का संदेश / Director's Message | 01 |
| 2. | संपादकीय / Editorial | 02 |
| 3. | उपलब्धियाँ / Achievements | 03 |
| 4. | महत्वपूर्ण व्यक्तियों व्दारा एआरएआई का भ्रमण / Visit of Important Personalities | 04 |
| 5. | एआरएआई घटनाएँ / Happenings in ARAI | 06 |
| 6. | तकनीकी घटनाक्रम / Technical Events | 11 |
| 7. | कर्मचारी मंच / Employee Spotlight | 17 |
| 8. | समारोह / Celebrations | 60 |
| 9. | कर्मचारी संवाद / Employee Talk | 79 |
| 10. | एआरएआई का इतिहास (1981-2000) / History of ARAI (1981-2000) | 80 |



Dear Readers,

I am delighted to present second edition of Spandan in-house publication of ARAI. The first edition was well received by various stakeholders and organizations.

This magazine symbolizes our commitment to sharing knowledge and fostering sense of community among our employees and stakeholders. This edition not only highlights our achievements, but also the collaborative spirit that drives our organization.

This year, we have been honoured with the 'Committee of the Year' award during the 78th Foundation Day of Bureau of Indian Standards (BIS). This award recognizes ARAI's leadership in Sectional Committee on Automotive Vehicles Running on Non-Conventional Energy Sources (TED 26), chaired by ARAI.

We are also proud to have received the prestigious 'Golden Peacock Innovative Product/Service Award for 2025.' This award acknowledges our innovative work in developing a lightweight aluminium superstructure designed for Indian city applications, showcasing our dedication to innovation. I would like to thank and appreciate the officials of ARAI team for this achievement. Let us treat every day as a learning experience and ignite our passion for growth, both personally and professionally.

Spandan is ARAI's special publication that highlights both technical and creative work of ARAIans. In this edition, you will find a variety of literary topics, including prose, poetry, articles, photographs, anecdotes and paintings that reflect different thoughts and experiences of ARAIans family. It also features insights into recent achievements, events, celebrations, ongoing initiatives, collaborations and visits of important personalities. Spandan marks the culmination of all these activities and celebrates our success and reaffirms our commitment to lead with integrity, innovation and positive impact. I hope you will enjoy the reading and gain insights into various happenings/activities of ARAI.

I would like to express my gratitude to all the contributors whose creativity has enriched this issue and to our readers, whose continued engagement drives our progress. With renewed energy and passion, we will continue to embrace every opportunity to shape the future of the automotive world.

We look forward to your feedback.

Happy reading!

**Dr. Reji Mathai**
Director-ARAI

प्रिय पाठक,

मुझे एआरएआई के आंतरिक प्रकाशन 'स्पंदन' का दूसरा संस्करण प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। पहले संस्करण को विभिन्न हितधारकों और संगठनों ने खूब सराहा था।

यह पत्रिका हमारे कर्मचारियों और हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह संस्करण न केवल हमारी उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है, बल्कि हमारे संगठन को संचालित करने वाली सहयोगात्मक भावना को भी प्रदर्शित करता है।

इस वर्ष, हमें भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के ७८वें स्थापना दिवस पर 'वर्ष की समिति' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार एआरएआई की अध्यक्षता वाली गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर चलने वाले ऑटोमोटिव वाहनों (TED 26) पर अनुभागीय समिति में एआरएआई के नेतृत्व को मान्यता देता है।

हम प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक इनोवेटिव प्रोडक्ट/सर्विस अवार्ड फॉर २०२५' प्राप्त करने पर भी गौरवान्वित हैं। यह पुरस्कार भारतीय शहरी अनुप्रयोगों के लिए अभिकल्पित एक हल्के एल्युमीनियम सुपरस्ट्रक्चर के विकास में हमारे अभिनव कार्य को मान्यता देता है, जो नवाचार के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। मैं इस उपलब्धि के लिए एआरएआई टीम के अधिकारियों को धन्यवाद और सराहना करता हूँ। आइए, हम हर दिन को एक अधिगम अनुभव के रूप में लें और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों स्तरों पर संवृद्धि के अपने जुनून को प्रज्वलित करें।

स्पंदन एआरएआई का विशेष प्रकाशन है जो एआरएआई के तकनीकी और रचनात्मक कार्यों पर प्रकाश डालता है। इस संस्करण में, आपको गद्य, कविता, लेख, तस्वीरें, किस्से और पेंटिंग सहित विविध साहित्यिक विषय मिलेंगे जो एआरएआई परिवार के विभिन्न विचारों और अनुभवों को दर्शाते हैं। इसमें हाल की उपलब्धियों, आयोजनों, समारोह, पहलों, सहयोगों और महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के दौरों की जानकारी भी शामिल है। स्पंदन इन सभी गतिविधियों का समावेशन है और हमारी सफलता का जश्न मनाता है तथा ईमानदारी, नवाचार और सकारात्मक प्रभाव के साथ नेतृत्व करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। मुझे आशा है कि आपको यह पढ़ने में आनंद आएगा और एआरएआई की विभिन्न घटनाओं/गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।

मैं, उन सभी योगदानकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जिनकी रचनात्मकता ने इस अंक को समृद्ध बनाया है और हमारे पाठकों के प्रति भी, जिनकी निरंतर भागीदारी हमारी प्रगति को गति देती है। नई ऊर्जा और जुनून के साथ, हम मोटर वाहन जगत के भविष्य निर्माण के हर अवसर को सुअवसर में बदलते रहेंगे।

हमें आपकी प्रतिक्रिया का प्रतीक्षा रहेगी।

पढ़ें, आनंद लें!

**डॉ. रेजी मथाई**
निदेशक-एआरएआई

# EDITORIAL / संपादकीय



Dear Readers,

The first issue of Spandan was appreciated by many readers from ARAI. We are happy to release the second issue of ARAI Spandan. We are thrilled to share that this 2nd edition has received an overwhelming response from our employees, who have actively contributed articles, shared their achievements and discussed personal growth topics.

In this issue, we highlight our significant accomplishments, from technical advancements to key milestones that are shaping our future. We proudly feature our employees, provide insights into ground-breaking technologies and offer updates on industry trends.

You will find a diverse range of articles that explore various aspects of our work. As we continue to move forward, Spandan will serve as an essential platform for knowledge sharing and inspiration. We are excited to celebrate our collective achievements and encourage ongoing innovation and collaboration as we strive for a brighter future.

Furthermore, we are pleased to share with you that this in-house publication is not only shared with our employees, but a print copy is also sent to Ministry of Heavy Industries, Government of India. Additionally, it is also available in softcopy on ARAI website for public viewing, ensuring that our efforts and achievements reach a wider audience.

Through Spandan, we aim to foster communication, celebrate our successes and inspire innovation as we look ahead to a promising future.

I hope you find this publication interesting. If you have any suggestions, please feel free to write to me thipse.edl@araiindia.com

Warm regards,

**Dr. S. S. Thipse**
Editor-ARAI Spandan

प्रिय पाठक,

'स्पंदन' के पहले अंक को एआरएआई के अनेक पाठकों ने खूब सराहा था। हमें एआरएआई 'स्पंदन' का दूसरा अंक पेश करते हुए खुशी महसूस हो रही है। हमें यह बताते हुए भी हर्ष हो रहा है कि इस दूसरे संस्करण को हमारे कर्मचारियों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिन्होंने सक्रिय रूप से लेख लिखे हैं, अपनी उपलब्धियों को साझा किया है और व्यक्तिगत विकास के विषयों पर चर्चा की है।

इस अंक में, हम तकनीकी प्रगति से लेकर हमारे भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख पड़ावों तक, अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर जानकारी साझा की है। हमें अपने कर्मचारियों पर गर्व है, उन्हें नई तकनीकों के बारे में जानकारी देते हैं और उद्योग के रुझानों से अवगत करते हैं।

आपको हमारे काम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने वाले विविध लेख मिलेंगे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते रहेंगे, 'स्पंदन' ज्ञान साझा करने और प्रेरणा के लिए एक आवश्यक मंच के रूप में काम करेगा। हम अपनी सामूहिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और एक उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर नवाचार और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए उत्साहित हैं।

इसके अलावा, हमें आपको यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि यह आंतरिक प्रकाशन न केवल हमारे कर्मचारियों के साथ साझा किया जाता है, बल्कि इसकी मुद्रित प्रति भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय को भी भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त, यह एआरएआई वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से देखने के लिए सॉफ्टकॉपी में भी उपलब्ध है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे प्रयास और उपलब्धियाँ व्यापक दर्शकों तक पहुँचें।

'स्पंदन' के माध्यम से, हमारा उद्देश्य संचार को बढ़ावा देना, अपनी सफलताओं का जश्न मनाना और एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होते हुए नवाचार को प्रेरित करना है।

मुझे आशा है कि आपको यह प्रकाशन रोचक लगेगा। यदि आपके कोई सुझाव हैं, तो कृपया मुझे thipse.edlaraiindia.com पर भेजें।

हार्दिक शुभकामनाएँ,

**डॉ. एस. एस. ठिपसे**
संपादक-एआरएआई स्पंदन

## 'COMMITTEE OF THE YEAR' AWARD FOR ADVANCEMENTS IN ALTERNATE FUEL STANDARDS





ARAI was honored with the 'Committee of the Year' award during the 78th Foundation Day of Bureau of Indian Standards (BIS) for its leadership of Sectional Committee on Automotive Vehicles Running on Non-Conventional Energy Sources (TED 26). Shri Pralhad Joshi, Union Minister of Consumer Affairs, presented the award to Dr. S.S. Thipse, Senior Deputy Director-ARAI, in the presence of key officials including Smt. Nidhi Khare and Shri Pramod Kumar Tiwari. The committee was recognized for its significant contributions development of standards for alternate fuel components, particularly those related to Green Hydrogen.

## GOLDEN PEACOCK AWARD FOR INNOVATIVE LIGHTWEIGHT ALUMINUM SUPERSTRUCTURE






ARAI was honoured with the prestigious Golden Peacock Innovative Product/Service Award 2025, in recognition of its work on Development of Lightweight Aluminium Superstructure for Indian city applications. This accolade was presented by Institute of Directors (IOD), India, in acknowledgment of ARAI's continuous efforts toward innovation and creation of safe and sustainable solutions for the Indian mobility sector. Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, along with Mr. Rahul Mahajan, Senior Deputy Director and Mr. Mahesh Patwardhan, Deputy Director, received the award at 2025 UAE Global Convention on Leadership for Business Excellence and Innovation in Dubai on 22nd April 2025. The award was presented by distinguished guests, including Lt. Gen. Surinder Nath, H. E. Abdulla Alsaleh, H. E. Sunjay Sudhir, Campbell Wilson, Nehal Vora, Eugene Mayne, and Hon'ble Justice Ritu Raj Awasthi. ARAI expressed its gratitude to the Awards Jury, chaired by Hon'ble Justice Uday U. Lalit, former Chief Justice of India, for this recognition.

## VISIT OF IMPORTANT PERSONALITIES / महत्वपूर्ण व्यक्तियों द्वारा एआरएआई का भ्रमण




Visit of Mr. Akshay Tripathi, IAS on 22-01-2025




Ms. Abha Shukla (IAS), Additional Chief Secretary (Energy), Govt. of Maharashtra on 27-02-2025




Visit of ZF Team on 24-3-2025




Visit of Swedish Embassy Team on 4-4-2025




First Meeting of MECTO Team on 19-3-2025

## JAPIA DELEGATION FOR ANNUAL MEETING ON AUTOMOTIVE REGULATORY TRENDS ON 5-2-2025






ARAI hosted JAPIA delegation for annual meeting with Test Agencies in India, featuring interactions between Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, Shri A.A. Badusha, Senior Deputy Director and officials from Safety and Homologation Laboratory and Passive Safety Laboratory of ARAI. The visit aimed to foster synergy between Japanese Auto Component Manufacturers and ARAI while updating the JAPIA team on new automotive regulatory trends and approval procedures. The JAPIA team, including Tsuneyuki Goto, Makiko Kuramae, Ryota Yamauchi, Natsuya Saito and Shri Deepak M. K., attended the meeting. Since 2003, JAPIA has been visiting ARAI and the organizations remains committed to continuing this legacy and providing excellent services to JAPIA and its member companies.

## VISIT OF SHRI VIKAS DOGRA, DIRECTOR - MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES TO ADVANCED MOBILITY FACILITIES AT ARAI CHAKAN




Shri Vikas Dogra, Director, Ministry of Heavy Industries, Government of India visited ARAI Forging Industry Division and Homologation and Technology Centre, Chakan, Pune. During his visit, Shri Dogra witnessed demonstration of Advanced Driver Assistance Systems (ADAS) testing and toured Centre of Excellence (CoE) for E-Mobility and Advanced Battery Lab, along with other facilities dedicated to providing technologically advanced mobility solutions for safe, smart and sustainable transportation.

## VISIT OF SHRI RAJESH JAISWAL TO ARAI




Shri Rajesh Jaiswal, Development Officer, Ministry of Heavy Industries, Government of India, visited ARAI on 13th May 2025. During his visit, Shri Jaiswal discussed ongoing projects related to advanced mobility and subsequently toured ARAI's state-of-the-art research and testing laboratories, which are dedicated to facilitating safe, smart and sustainable mobility.

## VISIT OF ALISON TRANSMISSION TEAM ON 24-3-2025



## राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन के लिए १०० दिवसीय अभियान कार्यक्रम

'राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन के लिए १०० दिनों का अभियान कार्यक्रम' एक पहल थी जिसका उद्देश्य तपेदिक (टीबी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके खिलाफ कार्रवाई को प्रोत्साहित करना था। एआरएआई के कर्मचारियों ने टीबी को खत्म करने में मदद करने का संकल्प लिया और बीमारी के बारे में दूसरों को शिक्षित करने के लिए सूचनात्मक सामग्री प्रदर्शित की, जो हैशटैग #TBMukt Bharat द्वारा दर्शाए गए टीबी मुक्त भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है। यह अभियान टीबी से निपटने और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों द्वारा एक बड़े प्रयास का हिस्सा था।















## MRC-T-KWE में सांप के काटने पर मार्गदर्शन/प्रशिक्षण

सांप का काटना कई क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है, जिसमें MRC-T-KWE के आसपास के क्षेत्र भी शामिल हैं। सांप के काटने पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के तरीके को समझना जीवन को बचा सकता है और जटिलताओं को कम कर सकता है। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों को सांप के काटने को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सज्जित करना है।

## ARAI AND FSID COLLABORATE TO DRIVE INNOVATION AND R&D IN AUTOMOTIVE TECHNOLOGY




ARAI and Foundation for Science, Innovation and Development (FSID) joined hands to enhance Innovation, R&D, Technology Development, Testing, Validation and Engineering Services. Memorandum of Understanding was exchanged in the esteemed presence of Shri H. D. Kumaraswamy, Hon'ble Union Minister of Heavy Industries. Dr. Hanif Qureshi, Additional Secretary, Ministry of Heavy Industries and Shri Sudhendu J. Sinha, Advisor NITI Aayog, during Bharat Mobility Global Expo 2025. This collaboration aims at driving advancements in the automotive sector through combined expertise and resources.

---

## LAUNCH OF INDIGENOUS OVER-HEAD AUTOMATED CHARGING DEVICE PANTOGRAPH (OH-ACD) AT BHARAT MOBILITY GLOBAL EXPO 2025



ARAI's Concept Demo of Over-Head Automated Charging Device Pantograph (OH-ACD) was launched at Bharat Mobility Global Expo 2025, by Shri H.D. Kumaraswamy, Hon'ble Minister of Heavy Industries and Dr. Hanif Qureshi, Additional Secretary, MHI. The OH-ACD utilized advanced overhead pantograph systems to provide seamless, high-speed charging for zero-emission vehicles, such as electric trucks and buses, with maximum power transfer of up to 600 kW.

Designed to accommodate Indian e-Trucks with GVW of 12 tons and above, the system featured ISO 15118-20 Wi-Fi-based communication for safe and reliable interaction between the charger and e-Truck, paving the way for future innovations like wireless charging. The feasibility of the OH-ACD was explode with the existing Indian e-Trucks and there were plans to develop a national standard in collaboration with relevant stakeholders. Supported by Ashok Leyland electric trucks, this ground-breaking technology represented significant advancements in efficiency and safety of EV charging, addressing the evolving needs of the transportation sector.

---

## ARAI AND INFINEON TECHNOLOGIES FORGE STRATEGIC PARTNERSHIP TO ADVANCED AUTOMOTIVE TECHNOLOGIES IN INDIA




ARAI and Infineon Technologies announced a strategic partnership aimed at accelerating development and localization of advanced automotive technologies in India. The Memorandum of Understanding was exchanged in the presence of key figures, including Mr. C. S. Chua, President & MD of Infineon and Mr. Girish Kamala, Sr. Director & Country Head of Automotive Sales at Infineon, along with ARAI representatives Mr. Makarand Pathak and Mr. Manish Karle. This partnership sought to combine ARAI's expertise in automotive control systems, particularly in xEV, Battery and ADAS technologies, with Infineon's semiconductor design and manufacturing capabilities. With the vision of Aatmnirbhar Bharat, the collaboration aimed to deliver technologies developed in India for India, moving towards Viksit Bharat with safe, smart and sustainable mobility.

## ARAI PARTNERS WITH STADT KARLSRUHE TO ADVANCED MOBILITY INNOVATION AND SUSTAINABILITY








ARAI is excited to announce its collaboration with Stadt Karlsruhe's Economic Development Department, Germany, focusing on Innovation, R&D, Technology Development, Validation, and Engineering Services aimed at enhancing Safety, Sustainability and Reliability in Mobility. This partnership will involve joint projects to leverage both the organizations' intellectual assets to create collaborative solutions for the mobility ecosystem. The Letter of Intent was exchanged between Dr. Frank Mentrup, Lord Mayor of Karlsruhe and Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, during Pune International Business Summit 2025 on 25th February, 2025. The event was attended by the key representatives from both the organizations, including Mr. Ralf Eichhorn and Sabine Dietlmeier from India Board Karlsruhe, as well as Senior Deputy Directors of ARAI.

---

## ARAI INAUGURATES NEW VEHICLE EVALUATION LABORATORY AT NATRAX TO ENHANCE AUTOMOTIVE TESTING CAPABILITIES

ARAI announced the opening of its Office-cum-Vehicle testing workplace at the NATRAX - National Automotive Test Tracks in Indore, with the objective of effectively utilizing the advanced test tracks and serving the entire automotive industry.

This facility was inaugurated on the 4th April, 2025 by Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, and was attended by Shri A.A. Badusha, Sr. Deputy Director and Head-VEL, along with some key customers and colleagues.

The facility caters to vehicle manufacturers, vehicular system manufacturers and tyre manufacturers across the country and serves as a crucial component for conducting advanced vehicle dynamics testing and evaluating Advanced Driver Assistance Systems (ADAS).





## ARAI'S IMPACT AT AUTOMOTIVE TESTING EXPO 2025: ADVANCING EV SAFETY AND ADAS INNOVATION

ARAI participated in Automotive Testing Expo, Chennai, from 8th to 10th April 2025 as a Knowledge Partner. This event was inaugurated by Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, notable figures such as Dr. N Saravanan, CTO-Ashok Leyland, Dr. G. Nagarajan, President-SAEINDIA; C V Raman of Maruti Suzuki India Limited and Mr. Saurabh Dalela, Director-ICAT. ARAI showcased its expertise in R&D, testing and validation, particularly focusing on ADAS features and India-specific data collection. During a panel discussion on the EV test ecosystem, Dr. Mathai emphasized the critical role of testing agencies in ensuring safety standards within the EV sector. He noted that mass scaling of technology in India could be achieved through an integrated approach combining virtual and experiential verification and validation processes.





## ARAI LAUNCHED ONLINE MODULE FOR CONSTANT SPEED FUEL CONSUMPTION COMPLIANCE

As a part of ARAI's ongoing digitalization efforts & Constant Speed Fuel Consumption – Conformity of Production (CSFC-CoP) online application module, linked to the CMVR-Type Approval Software (CMVR-TAS) was launched at ARAI by Dr. Reji Mathai, Director-ARAI on 25th April, 2025, with Shri A. A. Badusha, Sr Deputy Director-ARAI and other Sr Executives present on the occation. This development aligned with Ministry of Road Transport & Highways (MoRTH) notification regarding CSFC-CoP compliance requirements for all diesel-fueled vehicles with Gross Vehicle Weight (GVW) exceeding 3.5 tonnes, as per GSR 844 (E) dated 22nd November, 2022. This new online application system enabled Vehicle OEMs to initiate their second CSFC-CoP compliance cycle, enhancing processing, data management and monitoring.



## ARAI PARTNERS WITH ASDC TO LAUNCH ELECTRIC VEHICLE DESIGN COURSES



Memorandum of Understanding (MoU) with Automotive Skills Development Council - India (ASDC) to offer courses on Fundamentals of Electric Vehicle Battery Pack Design and Fundamentals of Electric Vehicle Powertrain Design. These courses were certified under National Skills Qualifications Framework (NSQF) and aligned with National Occupational Standards (NOS), marking a significant step in enhancing skills in the electric vehicle sector.

## INAUGURATION OF ARAI'S ADVANCED 800 KW ENGINE TEST BED FACILITY

ARAI proudly announced the inauguration of one of India's largest engine test bed facilities. This facility was inaugurated by Dr. Reji Mathai, Director- ARAI, along with Dr. Yogesh Aghav, VP-Kirloskar Oil Engines Limited and Dr. Sukrut Thipse, Sr. Dy Director-ARAI, in the presence of the senior team of ARAI. This advanced 800 kW engine test facility aligned with the growing demand for development and certification of higher power engines, addressing wide range of applications under emission legislations. The facility enhanced ARAI's capabilities in development and certification of heavy-duty IC engines and was poised to play significant role in advancing IC engine capabilities in collaboration with its stakeholders and customers.



## ARAI AND DANFOSS COLLABORATE TO ENHANCE NOISE AND VIBRATION TESTING FOR HYDRAULIC PRODUCTS




ARAI announced its collaboration with Danfoss for the Noise and Vibration testing facility dedicated to Danfoss hydraulic products. The test set-up utilized the state-of-the-art hemi-anechoic chamber at ARAI's NVH Laboratory, integrated with an advanced hydraulic power unit designed by Danfoss. This set-up was designed to address both current and future noise testing requirements for Danfoss Power Solution Products. This NVH Testing Capabilities was inaugurated by Dr. Reji Mathai, Director-ARAI and Mr. Alessandro Carmona, President of Industrial Division at Danfoss Power Solutions, along with Dr. Nagesh Walke and Shri Vijay Pankhawala of ARAI and Mr. Rahul Vale and Mr. Vinay Damodare of Danfoss.

## MOU BETWEEN ARAI AND JSW GREENTECH LTD. FOR COLLABORATION IN ELECTRIC MOBILITY AND ADVANCED TECHNOLOGIES

ARAI signed a Memorandum of Understanding (MoU) with JSW Greentech Ltd. to jointly explore the technical support required for new technology development, testing and certification. The collaboration included initiatives for knowledge dissemination and training for JSW on electric mobility and advanced technologies. The MoUs were exchanged between Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, and Mr. Sumit Mittal, Director & CEO-JSW Greentech Ltd., in the presence of Mr. Anand Deshpande, Sr. Dy Director-ARAI, Mr. Vijay Pankhawala, Sr. Dy Director-ARAI, Ms. Ujjwala Karle, Sr. Dy Director-ARAI and Mr. Anand Dungarwal, VP & Head of R&D-JSW Greentech Ltd.



## SEMINAR ON 'HYDROGEN - EMERGING TECHNOLOGY SCENARIO FOR ICE APPLICATIONS'



ARAI conducted seminar on "Hydrogen-The Future of Technology in Internal Combustion Engine Applications" on 27th November 2024. The event focused on development of Hydrogen ICE technology, examining its current status both domestically and internationally.

Key discussions highlighted the transformative potential of Hydrogen in Internal Combustion Engines, addressing challenges, scalability and infrastructure needs, while emphasizing its crucial role in driving sustainability and innovation within the automotive sector.

---

## DIGITAL TWIN SUMMIT 2024: SHAPING THE NEXTGEN MOBILITY



Digital Twin Summit 2024, organised by ARAI on 13th December 2024, aimed at sensitizing the automotive industry about the potential of Digital Twin technology. Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, highlighted organization's readiness for emerging automotive technologies, referencing its proactive approach to electric vehicles in 2013-14 and Digital Twin in 2021-22. ARAI with the support from the government has established advanced infrastructure for Digital Twin Engineering, emphasizing its role as a technology enabler for product development. This event, in collaboration with Pro MFG Media Pvt Ltd, featured Altair as a Presenting Partner and VECTOR Informatik as a Technology Partner concluded with gratitude to all the speakers and delegates for their contributions to this knowledge-sharing platform.

---

## PRESS CONFERENCE ON ARAI'S ANNUAL DAY





At ARAI's 58th Annual Day, Press Conference and was arranged to showcase its significant contributions to the mobility sector, emphasizing it commitment to safety, smart technology and sustainability through various initiatives such as certification, standard formulation, and R&D. The key facilities recently established include Airbag Deployment Facility, Advanced Accelerated Sled and Advanced Noise Vibration & Harshness Developmental Centre, all aimed at enhancing vehicular safety in line with global standards, particularly through NCAP protocols. The upcoming Mobility Research Centre (MRC) in Takwe will feature innovative facilities like first High Energy Impact Test Facility in India/Asia, ADAS Smart City test track and Hydrogen Test Facility, supporting indigenous testing for cylinder manufacturers under Aatmanirbhar Bharat initiative of Govt of India. Additionally, Advanced Battery Safety Testing Facility is being set up at ARAI's Chakan centre to ensure safety of electric vehicles in India.

## SEMINAR ON EMERGING SMART TRENDS IN GENERAL LIGHTING



This seminar was arranged by ARAI on 29th January 2025 at ARAI-FID, Pune. This seminar provided the attendees with an immersive experience filled with insightful conversations on the challenges of design related to new lighting technologies and offered guidance for sustainable lighting solutions. The visit of the participants was arranged to ARAI's state-of-the-art Advanced Photometry and Optics Laboratory, designed for testing and evaluation of Automotive and General Lighting assemblies.

---

## ARAI PARTNERS WITH MOTORING TRENDS FOR CV CONFERENCE ON THE FUTURE OF COMMERCIAL MOBILITY




ARAI supported the CV Conference organized by Motoring Trends magazine as an Associate Partner. The event aimed at uniting the key players in India's Commercial Vehicle industry, facilitating significant discussions that provided insights into the future of commercial mobility.

---

## ARAI HOSTS UK BUSINESS DELEGATION TO EXPLORE COLLABORATION IN CLEAN MOBILITY

ARAI in association with FICCI, hosted UK Business Delegation from the Mobility and Energy Sector as a part of DIATOMIC India Accelerator program. The program aimed at supporting SME exports in the Clean Technologies sector. The delegation visited ARAI's state-of-the-art facilities to explore skills and discuss collaboration opportunities in clean mobility, particularly focusing on Electric Vehicles (EVs). ARAI expressed in supporting SMEs dedicated to promoting sustainable and safe commuting solutions.



## ANNOUNCEMENT OF SYMPOSIUM ON INTERNATIONAL AUTOMOTIVE TECHNOLOGY (SIAT-2026)




ARAI announced the dates for Symposium on International Automotive Technology (SIAT-2026) during Bharat Mobility Global Expo 2025, in the presence of distinguished guests including Shri H D Kumaraswamy, Hon'ble Minister of Ministry of Heavy Industries, Dr. Hanif Qureshi, Additional Secretary and Shri Sudhendu J. Sinha, Advisor, NITI Aayog. The announcement was made by Dr. N. Saravanan, ARAI Governing Council President and CTO-Ashok Leyland, along with Dr. Reji Mathai, Director-ARAI, and Dr. N. H. Walke, Sr Deputy Director and Convener-SIAT-2026. The symposium is scheduled to take place from 28th to 30th January 2026 in Pune, India, providing a platform for experts to discuss the latest advancements in automotive technology.

---

## LAUNCH OF BHARAT VECTO: A TOOL TO CALCULATE FUEL CONSUMPTION AND $CO_2$ EMISSIONS IN HEAVY DUTY VEHICLES

Project of development of 'Motor Vehicle Energy Consumption Calculation Tool (Bharat VECTO) for Real Drive Fuel Consumption/$CO_2$ Emissions' was launched in the esteemed presence of Shri Nitin Gadkari, Hon'ble Union Minister of Ministry of Road Transport & Highways, India. The initiative is aimed to reduce carbon emissions from Heavy Duty vehicles by calculating emissions through simulation methods.







---

## ARAI SHOWCASES OVER-HEAD AUTOMATED CHARGING DEVICE AT BHARAT MOBILITY GLOBAL EXPO 2025



ARAI participated in Bharat Mobility Global Expo 2025 at Bharat Mandapam, Yashobhoomi and India Expo Mart in Noida. ARAI's Over-Head Automated Charging Device (OH-ACD), was inaugurated by Shri H.D. Kumaraswamy, Hon'ble Union Minister of Heavy Industries, India. The concept demo of the OH-ACD represented significant advancement in fast charging solutions, featuring 600kW charging power, 1000V voltage and 600A current, designed to meet the demands of the evolving transportation landscape with a blend of cutting-edge technology, robust design and user-friendly features.

## HIGHLIGHTS OF CONFLUENCE ON AUTOMOTIVE CYBERSECURITY




Confluence on Automotive Cybersecurity, organized by ARAI and SAEINDIA, garnered significant interest from automotive enthusiasts on 4th March 2025, in Pune. This event featured a lamp lighting ceremony with notable figures including Mrs. Ujjwala Karle from ARAI and Mr. John Leinart from John Deere as Guest of Honor. The day-long discussions covered various aspects of automotive cybersecurity, including vehicle types, charging infrastructure, software development and data privacy. Key insights were shared on the importance of Verification & Validation processes in standardizing industry practices to mitigate threats. The event underscored the critical role of cybersecurity in advancement of Software Defined Vehicles (SDVs) and the broader mobility landscape.

---

## INTERNATIONAL CONFERENCE ON ADVANCED POWERTRAINS




International Conference on Advanced Powertrains for Mobility & Power Generation Applications was organised b y ARAI and SAEINDIA on 7-8 March 2025, in Pune. This conference featured eminent speakers and experts, who discussed key topics such as scope of sustainable and smart mobility, future of fuels, India's readiness for upcoming emission regulations and Government initiatives to promote alternative fuels.

---

## ARAI HIGHLIGHTS ADAS ADVANCEMENTS AT ADAS SHOW 2025 IN BANGALORE

ADAS Show 2025, supported by ARAI, successfully concluded in Bangalore on 18th February, 2025. During this event, Ms. Ujjwala Karle, Sr. Deputy Director-Technology Group, ARAI, emphasized that while technology is global, solutions must be local. She highlighted that Advanced Driver Assistance Systems (ADAS) would play a crucial role in Bharat NCAP 2.0 program and underscored the importance of Indian use-cases for mass-scaling ADAS technology to enhance road safety. ARAI showcased its capabilities at the expo, demonstrating testing for ADAS features, like Automatic Emergency Braking System (AEBS) in passenger cars and its expertise in India-specific data collection for ADAS. As a premier automotive research institute in the country, ARAI is actively preparing for the future of ADAS in India.



## ARAI AND BIS COLLABORATE AT MANAK MANTHAN 2025 TO DISCUSS DATA-DRIVEN STANDARD FORMULATION FOR THE AUTOMOTIVE ECOSYSTEM





Manak Manthan 2025, an interactive initiative by Bureau of Indian Standards (BIS), featured an insightful panel discussion organized by ARAI on 14th February, 2025, focusing on "Research and Data Driven Standard Formulation for Automotive Ecosystem." The panel included eminent speakers such as Smt. Nishat S. Haque (BIS), Dr. B V Shamsundara (ARAI), Mr. Sanjay Tank (ACMA India), Mr. Sudershan Singh Gusain (Bridgestone India), Mr. Sunil Bhatambrekar (Maxion Wheels) and Dr. Anindya Deb (Indian Institute of Science), moderated by Mr. Vikram Tandon (ARAI). Key highlights included discussions on the guiding principles of standard formulation, importance of harmonization and data in decision-making and the need for inclusive participation in the standard-making process. The panelists emphasized on role of data in shaping domestic standards, complexity of consensus-building among stakeholders, and use of advanced computational tools for product development. Mr. Chanda Gupta of BIS further supported the discussions by sharing BIS scheme for research activities in standard development, laying strong foundation for future brainstorming on Indian standards.

## NAVIGATING THE FUTURE OF L-CATEGORY VEHICLES: INSIGHTS ON ON-BOARD DIAGNOSTICS FROM SIAM AND JAMA AT ARAI, PUNE

At the recent conference held by Society of Indian Automobile Manufacturers (SIAM) and Japan Automobile Manufacturers Association (JAMA) at ARAI, Pune, experts delved into the future of L-category vehicles, focusing on the complexities of On-Board Diagnostics (OBD). They discussed implementation and certification processes, emphasizing the need to address India's unique market challenges, such as diverse vehicle usage and varying regulatory environments. The key points included importance of developing robust diagnostic systems tailored to local conditions, necessity for collaboration between manufacturers and regulatory bodies and potential for OBD to enhance vehicle safety and environmental compliance. The discussions paved the way for a strategic roadmap aimed at advancing OBD standards in India.



## राष्ट्रीय संगोष्ठी: १५ और १६ मई, २०२५

एआरएआई पुणे में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली, नराकस पुणे -१ और सी-डैक पुणे द्वारा दिनांक १५ और १६ मई २०२५ को कार्यालयीन हिंदी में तकनीकी शब्दावली और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली मुख्य अतिथि रहीं। एआरएआई पुणे से वरिष्ठ उप निदेशक श्री आनंद ए. देशपांडे, पुणे की पृष्ठभूमि से वरिष्ठ भाषाविद् एवं राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ. दामोदर खड़से, आयकर अपीलीय अधिकरण पुणे के उपाध्यक्ष श्री आर. के. पांडा, सीडैक पुणे के केंद्र प्रमुख श्री संजय वांढेकर, सीडैक पुणे के वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार खरे और देश के तकनीकी एवं भाषा विद्वान शोभायमान रहे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में पुणे स्थित सरकारी संगठनों के १२० से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।





**संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर मंचासीन मुख्य अतिथि और गणमान्य १५ मई २०२५- हॉल-१, कोथरुड**



**संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए**



**श्री आनंद ए. देशपांडे, वरिष्ठ उप निदेशक, एआरएआई प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए**

इस संगोष्ठी में भाषा विज्ञान के उपलब्ध ऑनलाइन साधनों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यापक एवं व्यावहारिक प्रयोग और अनुप्रयोग पर गहन चर्चा हुई। वर्तमान परिदृश्य में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सहयोग से सी-डैक पुणे द्वारा विकसित कंठस्थ २.०, भारत सरकार के डिजीटल इंडिया कार्यक्रम के तहत भारतीय भाषाओं के उत्थान के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विकसित 'भाषिनी', भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित 'अनुवादिनी' जैसे ऑनलाइन साधनों के महत्व और अनुप्रयोग को विस्तार से समझा गया। साथ ही, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली के ऑनलाइन शब्दकोश की व्यापकता, उपलब्धता और सरल प्रयोग पर प्रकाश डाला गया।

# READINESS OF ARAI FOR AUTOMOTIVE CYBERSECURITY AND SOFTWARE UPDATE CERTIFICATION AND ASSESSMENT OF ELECTRIC VEHICLE AND ELECTRIC VEHICLE CHARGING STATION UNDER PM E-DRIVE SCHEME

**- Mr. Avik Chatterjee**
**Automotive Electronics Department**

## AUTOMOTIVE CYBER SECURITY

***Cybersecurity, an indispensable need for Automotive Industry.***

The modern vehicles have become connected and require communication to support a wide range of scenarios from information and entertainment purposes to modern ways of operating the vehicle itself such as driver assistance, connected fleet and autonomous driving modes. This fast pace of evolution has increased the attack surface of the connected vehicles.

These advanced cars consist of several Electronic Control Units (ECUs) to support various safety-critical functionalities which are susceptible to cybersecurity attacks. The security attacks disrupt the safe operation of the component and vehicle and may cause injury to the passengers. Rise of Hacking instances have led to introduction of new testing norms worldwide.

Europe has already started implementation of Cyber security Management System (UN R155) and Software update Management system (UN R156) from June 2022. Automotive Industry Standards Committee (AISC) and CMVR Technical Standing Committee has recently finalized.

AIS 189 for approval of vehicles for Cyber Security and Management Systems (CSMS) and AIS 190 for approval of vehicles for Software Update and Management System (SUMS). In future scope of these standards will be expended to cover L category vehicles also. Many electric vehicles especially 2-Wheelers are coming with telematics connectivity and Over-the-Air (OTA) software update features.

AIS 189 and AIS 190 standard covers both plant level verification and vehicle level tests. Traditionally, the approach starts with threat analysis and risk assessment (TARA) of vehicle component in evaluating the risk associated with security incidents. Real Penetration, Fuzz testing and vulnerability assessment depends on the result of the threat analysis and risk assessment (TARA).

The Automotive Research Association of India (ARAI) is in the process of establishing cyber security testing Laboratory to cater to the Homologation and testing requirements.

This Testing Laboratory (Automotive Electronics Department) will consist of state-of-the-art facility including

1. Tools for Threat and Risk Analysis
2. Fuzz testing lab
3. Penetration testing lab.
4. Side channel attacks
5. Static and Dynamic code analysis.
6. Vulnerability Scanning tools

This will help the OEMs and component manufacturers to carry out development and certification activities in cyber security and software update. This will help in ensuring safety and security of modern connected vehicles.

Assessment of Electric vehicle and Electric vehicle charging station under PM E drive scheme

The Automotive Research Association of India (ARAI) is geared up to provide development and homologation services for Electric vehicles, Traction battery, Lithium ion cell, Traction Motors, Vehicle and component level EMC.

Ministry of Heavy Industries (MHI) formulated PM Electric Drive Revolution in Innovative Vehicle Enhancement (PM E-DRIVE) scheme. The scheme covers e-2W, e-3W, e- ambulances, e-buses and e-trucks & other emerging EV and Electric vehicle charging stations manufacturers.

Automotive Electronics Department in ARAI is fully equipped to cater to the testing requirements under this scheme. There are dedicated test facilities in ARAI such as Dynamometer of different capacities for vehicle and motor tests and Battery testers Battery Energy test. The assessment scope will cover desktop audit, vehicle manufacturer plant verification, component manufacturer plant verification, vehicle testing, battery energy test and final assessment.

Demand incentives are the important part of this scheme and the assessment of PM E drive will boost the industry ecosystem with respect to more demand generation and reduced cost of Electric Vehicles.

# आज की तेजी से विकसित होती ऑटोमोबाइल्स ने खो दिया अपना आकर्षण

– श्री प्रसन्ना सुतार, ईडीएल विभाग

आधुनिक युग में ऑटोमोबाइल्स का विकास एक चमत्कार से कम नहीं है। आज की कारें ऐसी तकनीकों से सुसज्जित हैं जो कभी सपनों में ही संभव लगती थीं। स्वंचालित ड्राइविंग सिस्टम, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ, टचस्क्रीन इंटरफेस, और लग्जरी का हर वह पहलू जो एक ड्राइवर की कल्पना को साकार करता हो–ये सब आज की कारों में मौजूद हैं। चाहे वह इलेक्ट्रिक वाहनों की शांत गति हो या हाइब्रिड इंजनों की ऊर्जा दक्षता, तकनीकी प्रगति ने ऑटोमोबाइल्स को एक नए स्तर पर पहुँचा दिया है। लेकिन क्या यह प्रगति वास्तव में उस रोमांच और आकर्षण को बरकरार रख पाई है जो कभी कारों का पर्याय हुआ करता था? शायद नहीं।

यदि हम ८० और ९० के दशक की ओर नजर डालें, तो वह दौर ऑटोमोबाइल्स का स्वर्णिम युग था। उस समय की कारें न केवल एक यातायात साधन थीं, बल्कि एक कला का नमूना भी थीं। उनकी डिज़ाइन में मौजूद सुंदर घुमावदार रेखाएँ, बोल्ड ग्रिल्स, और अनूठे आकार हर कार को एक व्यक्तित्व प्रदान करते थे। मारुति ८०० की सादगी हो या फिएट प्रीमियर पद्मिनी की शाही बनावट, हर वाहन का अपना एक चरित्र था। उस समय कार चलाना एक अनुभव था–इंजन की गर्जना, गियर बदलने का एहसास, और स्टीयरिंग व्हील पर हर मोड़ का नियंत्रण, ये सब मिलकर ड्राइविंग को एक कला बनाते थे। उस दौर में ड्राइवर सचमुच कार को चलाता था, न कि आज की तरह केवल संचालित करता था।

आज की कारों में वह जादू कहीं खो सा गया है। अधिकांश आधुनिक वाहन एक जैसे बक्सेनुमा डिज़ाइनों में ढल गए हैं। वायुगतिकी और ईंधन दक्षता के नाम पर कारों की मौलिक सुंदरता गायब हो गई है। जहाँ पहले की कारें सड़क पर चलते हुए लोगों का दिल चुरा लेती थीं, वहीं आज की कारें एकसमान दिखती हैं–कोई पहचान नहीं, कोई आकर्षण नहीं। उदाहरण के लिए, ९० के दशक की कंटेसा क्लासिक की शानदार घुमावदार बॉडी और मजबूत उपस्थिति को देखें, और फिर आज की किसी भी कॉम्पैक्ट SUV से तुलना करें। अंतर साफ दिखता है–एक ओर कला, दूसरी ओर केवल कार्यक्षमता।

इसके अलावा, आज की कारों में स्वचालन ने ड्राइविंग के रोमांच को कम कर दिया है। ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, लेन–कीप असिस्ट, और सेल्फ–पार्किंग जैसी सुविधाएँ भले ही सुविधाजनक हों, लेकिन वे ड्राइवर को मशीन से दूर कर देती हैं। पहले के समय में कार चलाना एक कौशल था, एक ऐसा अनुभव जो ड्राइवर और वाहन के बीच एक रिश्ता बनाता था। हर कार की अपनी खासियत होती थी–कभी उसका क्लच थोड़ा सख्त होता, तो कभी उसका इंजन एक खास धुन में गूँजता। आज हम कार को चलाने के बजाय उसे एक कंप्यूटर की तरह संचालित करते हैं, जिसमें भावनाओं का कोई स्थान नहीं रह गया।



**८०–९० के दशक की एक क्लासिक कार का स्टीयरिंग और डैशबोर्ड बनाम आज की कार का डिजिटल टचस्क्रीन डैशबोर्ड**

निष्कर्ष में, यह कहना गलत नहीं होगा कि हमने कार चलाने का असली रोमांच और उत्साह खो दिया है। तकनीकी प्रगति ने हमें सुविधा तो दी, लेकिन उस जुनून और आकर्षण को छीन लिया जो कभी ऑटोमोबाइल्स की पहचान हुआ करता था। आज हम कार को एक उपकरण की तरह देखते हैं, न कि एक साथी की तरह। शायद यह समय है कि हम इस बदलाव पर विचार करें और उस खोए हुए आकर्षण को फिर से जीवित करने की कोशिश करें, ताकि ड्राइविंग फिर से एक कला बन सके, न कि केवल एक कार्य।



**१९९० के दशक की कॉन्टेसा क्लासिक कार**



**एक आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन**

# आज के युवाओं पर सोशल मीडिया का प्रभाव

– श्री देबोज्योति बंद्योपाध्याय, ईडीएल विभाग

सोशल मीडिया आज के युवाओं के जीवन में एक प्रमुख शक्ति बन गई है, जो उनके इंटरैक्शन, पहचान और दुनिया के प्रति धारणाओं को आकार देती है। जबकि ये प्लेटफार्म कई लाभ प्रदान करते हैं, वे मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर प्रभाव डालने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियाँ भी पेश करते हैं। यह विश्लेषण युवाओं पर सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों की जांच करता है।

**सोशल मीडिया उपयोग से जुड़े सकारात्मक प्रभाव**

१. संबंध और समुदाय निर्माण: सोशल मीडिया प्लेटफार्म युवाओं को दूरियों के बावजूद दोस्तों और परिवार के साथ संबंध बनाए रखने में सक्षम बनाते हैं, जिससे अपनत्व और समुदाय की भावना को बढ़ावा मिलता है। कई युवा उपयोगकर्ता समर्थन समूहों को खोजते हैं जो उनके रुचियों या अनुभवों, जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों या शौकों के साथ मेल खाते हैं।

२. शैक्षिक संसाधन और अवसर: यूट्यूब और लिंक्डइन जैसे प्लेटफार्म मूल्यवान शैक्षिक उपकरण के रूप में कार्य करते हैं, जो ट्यूटोरियल और पेशेवर विकास सामग्री तक पहूँच प्रदान करते हैं। यह सहभागिता वर्तमान घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाती है और चर्चाओं को प्रोत्साहित करती है जो समझ को विस्तारित करती हैं।

३. आत्म–व्यक्तित्व और रचनात्मकता: सोशल मीडिया कला, संगीत और व्यक्तिगत विचारों के माध्यम से रचनात्मक अभिव्यक्ति की अनुमति देता है। यह आउटलेट आत्म–सम्मान को बढ़ा सकता है और मान्यता प्रदान कर सकता है जो पारंपरिक सेटिंग्स में उपलब्ध नहीं हो सकती।

४. सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी: युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन के लिए वकालत करने के लिए सोशल मीडिया का लाभ उठाया है, MeToo और Fridays For Future जैसे आंदोलनों में भाग लेते हुए। ये प्लेटफार्म युवाओं को अपनी राय व्यक्त करने और उन कारणों के लिए संगठित होने का अधिकार देते हैं जिनकी वे परवाह करते हैं।

**सोशल मीडिया के उपयोग के नकारात्मक प्रभाव**

१. मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ: इसके फायदों के बावजूद, सोशल मीडिया मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। आदर्शीकृत छवियों के निरंतर संपर्क से अपर्याप्तता, चिंता और अवसाद की भावनाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। एक सर्वेक्षण से पता चला कि कई युवा लोग सोशल मीडिया के उपयोग को अकेलेपन और खराब शरीर छवि की बढ़ती भावनाओं से जोड़ते हैं।

२. लत और ध्यान भंग: सोशल मीडिया की लत लगने वाली प्रकृति अत्यधिक उपयोग की ओर ले जा सकती है, जो शैक्षणिक प्रदर्शन और उत्पादकता को प्रभावित करती है। फीड्स को स्क्रॉल करने से मिलने वाली तात्कालिक संतोष अक्सर वास्तविक जीवन की बातचीत और जिम्मेदारियों से ध्यान भंग करती है।

३. गोपनीयता और सुरक्षा जोखिम: युवा उपयोगकर्ता अक्सर व्यक्तिगत जानकारी साझा करते हैं बिना संभावित जोखिमों को समझे, जिससे गोपनीयता का उल्लंघन और साइबर सुरक्षा खतरों जैसे पहचान की चोरी का सामना करना पड़ता है।

४. विकृत वास्तविकता और अवास्तविक अपेक्षाएँ: सोशल मीडिया अक्सर जीवन का एक चयनित संस्करण प्रस्तुत करता है जो युवा उपयोगकर्ताओं के लिए अवास्तविक अपेक्षाएँ पैदा कर सकता है। ऑनलाइन चित्रण और वास्तविकता के बीच का यह अंतर आत्म–सम्मान में कमी और विकृत आत्म–छवि में योगदान कर सकता है।



**सोशल मीडिया के साथ जीवन को कैसे संतुलित करें?**

- सोशल मीडिया के लाभों का उपयोग करते हुए इसके जोखिमों को कम करने के लिए युवाओं, माता–पिता और शिक्षकों के बीच सहयोग आवश्यक है।
- शिक्षा और जागरूकता: डिजिटल साक्षरता सिखाने से युवा लोगों को जिम्मेदारी से सोशल मीडिया का उपयोग करने में मदद मिल सकती है।
- सीमाएँ निर्धारित करना: सोशल मीडिया के उपयोग पर सीमाएँ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना लत को रोक सकता है।
- सकारात्मक सामग्री को बढ़ावा देना: सकारात्मक सामग्री के निर्माण को बढ़ावा देने से सोशल मीडिया के सकारात्मक पहलुओं को बढ़ाया जा सकता है।
- मानसिक स्वास्थ्य समर्थन: मानसिक स्वास्थ्य के लिए संसाधन प्रदान करने से युवाओं को सोशल मीडिया के उपयोग से संबंधित दबावों को प्रबंधित करने में मदद मिल सकती है।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया आज के युवाओं के अनुभवों को आकार देने में एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है, जो संबंधों के लिए अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौतियाँ दोनों प्रदान करता है। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए संतुलित दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर, हितधारक युवा लोगों को इसके लाभों को अधिकतम करने में मदद कर सकते हैं जबकि इसके संभावित हानियों से सुरक्षा भी कर सकते हैं। जैसे–जैसे समाज इस डिजिटल परिदृश्य को नेविगेट करता है, सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में निरंतर संवाद युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# सॉफ्टवेयर परिभाषित वाहनों के युग में परीक्षण और प्रमाणन

**– डॉ. योगेश के. भटेश्वर, अकादमी**

परिचय: वर्षों के दौरान ऑटोमोटिव उद्योग में नाटकीय परिवर्तन आया है, हाल ही में हमने दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति होते देखी है। यह परिवर्तन एक ऐसा परिवर्तनकारी बदलाव था, जिसने पूरे ऑटोमोटिव क्षेत्र को पुनः नया आकार दिया है। अब यह दूसरा सबसे बड़ी तकनीकी क्रांति है सॉफ्टवेयर परिभाषित वाहन (एसडीवी), जो प्रत्येक दृष्टिकोण से ऑटोमोटिव उद्योग को बदल देगा, जिसमें डिज़ाइन, अनुसंधान और विकास, उत्पादन, परीक्षण, बिक्री, और सेवा शामिल है।

उपरोक्त सभी में, एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय भाग परीक्षण (टेस्टिंग) और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) गतिविधियाँ हैं। आइए इसपर चर्चा करते हैं कि एसडीवी के युग में परीक्षण और प्रमाणन गतिविधियाँ कैसे बदल सकती हैं।

- निर्माण जटिलता में कमी
- सब्सक्रिप्शन आधारित सेवाओं के साथ नए राजस्व मॉडल
- वाहन/सिस्टम का प्रदर्शन सॉफ्टवेयर के आधार पर गतिशील हो सकता है
- तेज नवाचार और समय–सीमित बाजार
- डेटा–प्रेरित अंतर्दृष्टियाँ




**चित्र १: एसडीवी के लिए ध्यान में परिवर्तन**

एसडीवी में एक बड़ा बदलाव हार्डवेयर–केंद्रित से सॉफ्टवेयर–केंद्रित डिजाइन पर ध्यान केंद्रित करना है, जो इसके जीवनचक्र और पारिस्थितिकी तंत्र को बदलता है, जैसा कि चित्र १ में दिखाया गया है। इस लेख में, हम एसडीवी के विभिन्न पहलुओं, इसकी आवश्यकताओं, एसडीवी के प्रति चुनौतियों और एसडीवी के लिए परीक्षण और प्रमाणन गतिविधियों की विशिष्ट चुनौतियों को समझेंगे।

## २. एसडीवी की ओर आगे बढ़ने का कारण क्या है?

यह तकनीकी विकास, व्यावसायिक अवसर और ग्राहक अपेक्षाओं के कारण है। चलिए इनका पता नीचे के अनुभागों में लगाते हैं।

**तकनीकी विकास:** एसडीवी के साथ, लॉन्च के बाद नियमित रूप से ओवर–द–एयर (ओटीए) अपडेट के साथ वाहनों में अधिक सुविधाएँ जोड़ी जा सकती हैं, यह सभी सुविधाएँ समय सीमा के बाजार के कारण लॉन्च से पहले वाहन में डालना कठिन होगा। ओटीए ऊर्जा दक्षता को अनुकूलित करके ऊर्जा खपत को भी अनुकूलित करेगा। यह हमारे स्मार्टफोन की तरह है, अधिक नवीनतम सुविधाएँ अधिक ऐप्स के साथ जोड़ी जा सकती हैं। एसडीवी निरंतर डेटा उत्पन्न करता है, जिसे वाहनों के जीवनकाल को बढ़ाने और अचानक खराबी से बचने के लिए पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण प्रदान करके आगे उपयोग किया जा सकता है। एसडीवी एटी संचालित सुविधाओं के लिए आधार है।

**व्यावसायिक अवसर:** एसडीवी फीचर–के–रूप में सेवा की पेशकश कर सकते हैं, सदस्यता मॉडल उभर रहा है जो ओईएम के लिए नया राजस्व मॉडल है। प्रीमियम सुविधाएँ पेश की जा सकती हैं, जहाँ यह अधिकतर सॉफ्टवेयर के बारे में है जिसे बिना हार्डवेयर संशोधन के उसी हार्डवेयर पर किया जा सकता है, जैसे ईवी में चार्जिंग के दौरान गेमिंग ऐप्स, प्रदर्शन ड्राइविंग मोड आदि।

**ग्राहक की अपेक्षाएँ:** ग्राहक स्मार्ट फोन और स्मार्ट घरों की तरह स्मार्ट कारों की उम्मीद कर रहे हैं। वे अपने वाहनों में स्मार्ट फोन की तरह अधिक व्यक्तिगत अनुभव चाहते हैं, जो एसडीवी की ओर एक बड़ा प्रोत्साहन है। ग्राहक की अपेक्षाएँ जैसे कि वॉयस कंट्रोल, स्ट्रीमिंग ऐप, और उपयोगकर्ता के आधार पर वाहनों में मेमोराइज्ड प्राथमिकताएँ।




**चित्र २: सॉफ्टवेयर परिभाषित वाहनों की आवश्यकता**

यहां हम देखते हैं कि एसडीवी की ओर बढ़ना तकनीकी विकास, व्यावसायिक अवसर और ग्राहकों की अपेक्षाओं का परिणाम है, जिसे चित्र २ में दिखाया गया है।

### ३. एसडीवी की ओर बढ़ने की चुनौतियाँ

ऑटोमोटिव उद्योग के लिए एसडीवी की ओर संक्रमण एक जटिल कार्य है, जिसके लिए महत्वपूर्ण प्रयासों और योजना की आवश्यकता होगी। इसके लिए संगठनात्मक मॉडल, काम करने के तरीके, व्यवसाय नियोजन आदि में बदलाव की आवश्यकता है। इन चुनौतियों को विभिन्न दृष्टिकोणों से समझा जा सकता है: तकनीकी, परिचालन, व्यवसाय, संगठनात्मक, कार्यबल और अनुपालन दृष्टिकोण। जिन्हें नीचे दिए गए बिंदुओं से संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है ।




**चित्र ३: एसडीवी: ऑटोमोटिव और सॉफ्टवेयर उद्योगों की उद्यमिता**

एसडीवी की ओर बढ़ने की चुनौतियां सॉफ्टवेयर उद्योग से अलग हैं, लेकिन कुछ सॉफ्टवेयर उद्योग से विरासत में मिली हैं (चित्र ३), लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग एक पूरी तरह से अलग क्षेत्र है, इसलिए कुछ चुनौतियां अब तक अनदेखी हैं।

### ४. एसडीवी कैसे परीक्षण और प्रमाणन को प्रभावित करेगा

एसडीवी का आना परीक्षण और प्रमाणन गतिविधियों पर बहुत बड़ा असर डालने वाला है, क्योंकि टेक्नोलॉजी में काफी बदलाव आ रहा है। इसलिए, टेस्टिंग की विधि और टूल्स में भी बदलाव होंगे। इन गाड़ियों में, टेस्टिंग के लिए ध्यान केंद्रित करने वाला क्षेत्र बदल जाएगा, क्योंकि सॉफ्टवेयर–केंद्रित डिज़ाइन के कारण टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन का फोकस भी शिफ्ट होगा। इन एसडीवी में, सॉफ्टवेयर नैसर्गिक रूप से जटिल होगा और यह गाड़ी के जीवनकाल के दौरान अपडेट होता रहेगा। इसलिए, पारंपरिक टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन का तरीका शायद काम न करे, क्योंकि गाड़ी का सॉफ्टवेयर लगातार अपडेट होता रहेगा और यह पूरे वाहन के संचालन को प्रभावित कर सकता है। इसे नीचे के बिंदुओं में संक्षेपित किया गया है:

- एक बार की टेस्टिंग से लगातार टेस्टिंग की ओर बढ़ना
- टेस्टिंग का दायरा जटिलता के कारण बढ़ रहा है
- वर्चुअल परीक्षण (टेस्टिंग) में बढ़ोतरी
- ई/ई आर्किटेक्चर में बदलाव
- ऑटोनॉमी फीचर्स के कारण टेस्ट केसों की संख्या में वृद्धि
- डेटा के आधार पर टेस्ट ऑटोमेशन
- एआई को टेस्ट करने के लिए एआई की जरूरत




**चित्र ४: एसडीवी के लिए परीक्षण और प्रमाणन गतिविधियाँ**

उपरोक्त लिखित बिंदुओं के अनुसार, एसडीवी युग में परीक्षण और प्रमाणन परिदृश्य बदलने वाला है, आभासी परीक्षण की भूमिका तेजी से बढ़ने वाली है (चित्र ४) और कई मौजूदा सेटअप इस नई आवश्यकता के लिए उपयोग नहीं किए जा सकते, जो परीक्षण और प्रमाणन बुनियादी ढांचे पर प्रभाव डाल सकता है। इस संदर्भ में, विभिन्न विशेषताओं और पहलुओं के लिए पारंपरिक वाहन और एसडीवी की तुलना तालिका १ में दर्शाई गई है।

**तालिका १: पारंपरिक वाहनों और सॉफ्टवेयर परिभाषित वाहनों की परीक्षण और प्रमाणन के विभिन्न सुविधाओं की तुलना**

| विशेषता / पहलू | पारंपरिक वाहन | सॉफ्टवेयर–परिभाषित वाहन |
|---|---|---|
| प्राथमिक फोकस | मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल सिस्टम (हार्डवेयर केंद्रित) | सॉफ्टवेयर, डेटा और कनेक्टिविटी (सॉफ्टवेयर केंद्रित) |
| प्रमाणन मॉडल | एक बार का प्रकार अनुमोदन | निरंतर, मॉड्यूलर |
| अपडेट | दुर्लभ, मैनुअल (सेवा केंद्र) | लगातार, विनियमित |
| साइबर सुरक्षा | केवल प्री–लॉन्च (न्यूनतम) | निरंतर + पैचिंग (व्यापक) |
| एआई परीक्षण | दुर्लभ | स्पष्टीकरण + मजबूती |
| विनियामक जुड़ाव | दस्तावेज–आधारित | सैंडबॉक्स, स्व–प्रमाणन |
| परीक्षण दृष्टिकोण | भौतिक, मैनुअल | वर्चुअल, स्वचालित |
| परीक्षण मामले | स्थिर आवश्यकताओं के आधार पर परिभाषित | विकसित सॉफ्टवेयर, परिदृश्यों और पर्यावरणीय स्थितियों के आधार पर गतिशील रूप से उत्पन्न |
| परीक्षण वातावरण | मुख्य रूप से भौतिक प्रोटोटाईप, परीक्षण ट्रेक, कैश लैब कुछ ECU परीक्षण के लिए HIL | वर्चुअलाइजेशन परीक्षण पर भारी निर्भरता: SIL, HIL, MIL, डिजिटल ट्विन्स (शुरू में कम भौतिक परीक्षण) |
| परीक्षण साक्ष्य | लॉग | क्लाउड लॉग |

**५. परीक्षण और प्रमाणन एजेंसियों के लिए विशेष चुनौतियाँ**

यह जबरदस्त बदलाव टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन एजेंसियों के लिए खास चुनौतियाँ पाएगा, जिसे उनके लिए अपनी विशेषज्ञता, ऑपरेशनल और बिजनेस मॉडल, मेथोडोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर को ढालना पड़ेगा। इसे नीचे के बिंदुओं में संक्षेपित किया गया है:

- सर्टिफिकेशन–के–लिए–एक–सेवा मॉडल का उभरना जो गतिशील सॉफ्टवेयर अपडेट के लिए है
- सिस्टम से वाहन स्तर की मान्यता में बदलाव
- क्लाउड आधारित सिमुलेशन
- कार्यात्मक सुरक्षा परीक्षण
- साइबर सुरक्षा परीक्षण
- निरंतर मान्यता के लिए डिजिटल ट्विन्स
- मानकीकृत परीक्षण ढांचे की कमी
- बार–बार पुनः प्रमाणन और संस्करण प्रबंधन
- नई ज्ञान और कौशल हासिल करना
- ऑटोमोटिव और सॉफ्टवेयर उद्योग के बीच ज्ञान साझा करने का मंच
- नई कौशल सेट के लिए प्रतिभा की कमी




**चित्र ५: परीक्षण और प्रमाणन एजेंसियों के लिए विशेष चुनौतियाँ**

यह स्पष्ट है कि एसडीवी युग का पुराने परीक्षण और प्रमाणन गतिविधियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है, और यह बहुत संभावना है कि इनमें से कई गतिविधियाँ स्व–प्रमाणन के तहत संचालित की जाएँगी। इसका मौजूदा परीक्षण और प्रमाणन संगठनों पर बुनियादी ढांचे, लोगों, व्यवसाय मॉडल और परिचालन मॉडल के साथ–साथ अन्य चीज़ों के मामले में ३६०ज प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, इन एजेंसियों को एसडीवी के अनुकूल होने के लिए पाँच क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए: कार्यप्रणाली, विशेषज्ञता, कार्य मॉडल, व्यवसाय मॉडल और बुनियादी ढाँचा, जैसा कि चित्र ५ में बताया गया है।

**६. निष्कर्ष:** इस लेख में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि एसडीवी की ओर बदलाव करने का प्रभाव ऑटोमोटिव उद्योग पर पड़ेगा। इसलिए इसका परीक्षण और प्रमाणन गतिविधियों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसे संबोधित करने के लिए परीक्षण और प्रमाणन गतिविधियों के लिए बहुत प्रयासों की आवश्यकता है, जिसमें कुछ कार्यस्थल स्तर पर एक ढांचे का विकास, वैश्विक मानकों का पता लगाना, उपकरणों की पहचान, मौजूदा कार्यबल के लिए उपस्किलिंग और रिस्किलिंग के लिए कार्यस्थल स्तर पर स्किलिंग और ज्ञान प्लेटफॉर्म, सही कौशल सेट के लिए प्रतिभा खोज, बुनियादी ढांचे का विकास आदि शामिल हैं। इसे प्राप्त करने के लिए एक व्यवस्थित ढांचे, समय, धन और प्रयास का महत्वपूर्ण निवेश करने की आवश्यकता होगी, यह एक दिन का समाधान नहीं है।

# पुणे–नागपुर रोड ट्रिप : एक परियोजना प्रबंधन अध्ययन

**– डॉ. अतुल र. ठाकरे, बी.डी.सी.पी.**




ठीक एक साल पहले मतलब मई २०२४ की बात है, जब मैं अपने परिवार के साथ पुणे से नागपुर बाय–रोड जा रहा था और बीच रास्ते मे हमारी कार का एक्सीडेंट हो गया। हालांकि, इस एक्सीडेंट में किसी को चोट तो नहीं आई, लेकिन टक्कर से गाड़ी का रेडिएटर और कंडेंसर खराब हो गया। टूटे हूए रेडिएटर के साथ गाडी ६० किमी भी नहीं चल सकतीं थी, जबकि अभी करीब ६०० किमी का सफर और बाकी था।

पुणे–नागपुर मार्ग पर यह मेरी पहली यात्रा नहीं थी, लेकिन इसकी जटिलताओं के कारण यह हमेशा मेरी स्मृति में रहेगा। पुणे से नागपुर की यात्रा समृद्धि महामार्ग बनने के पहले १४ घंटे में पूरी हो जाती थी, वो भी ६० किमी/घंटा की स्पीड और ब्रेकफास्ट–लंच के लिए एक घंटे के ब्रेक के साथ। लेकिन जब से समृद्धि एक्सप्रेसवे खुला, स्पीड डबल हो गई और ७५० किमी की ये दूरी तय करने का टाइम ४ घंटे कम हो गया।

मेरे लिए नागपुर से पुणे की यह लंबी रोड ट्रिप भी किसी प्रोजेक्ट से कम नहीं थी। वैसे तो हर ट्रिप का अनुभव  कुछ नया होता है, क्योंकि कोई भी दो प्रोजेक्ट एक जैसे नहीं होते। और पिछली ट्रिप तो एक विशेष मौके पर थी, तो स्कोप में कुछ बदलाव लाज़मी था। लेकिन समृद्धि महामार्ग के सिन्नर ओपनिंग के पास जो छोटा सा एक्सीडेंट हो गया उसकी वजह से ट्रिप में ७ घंटे ज्यादा लग गए। असल में, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में ऐसे डिले, बजट बढ़ना या स्कोप बदलना आम बात है। ये एक्सीडेंट एक ऐसा स्कोप क्रीप था, जिससे पूरा शेड्यूल बिगड़ गया। करीब आधा घंटा तो रास्ते पर उमड़ी भीड़ से निपटने में ही चला गया। जब समझ आया कि गाड़ी अब ज्यादा दूर नहीं जा सकती, तो पास के गैराज में ले जाकर रेडिएटर–कंडेंसर ठीक करवाया। डैमेज देखकर फैमिली ने वहीं रुकने की सोची, लेकिन मैंने ठान लिया था कि आज ही नागपुर पहूँचना है।

रिसर्च बताती है कि ६५% प्रोजेक्ट्स ऐसे ही बदलाव तथा स्पॉन्सर की तैयारी न होने के कारण फेल हो जाते हैं। इसलिए प्रोजेक्ट मैनेजर को हमेशा बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। अगर हाईवे पर काम चल रहा है, तो ड्राइवर (यानी प्रोजेक्ट मैनेजर) को छोटे रास्ते ढूंढने पड़ सकते हैं। अगर गाड़ी से अजीब आवाज़ आ रही है, तो अगला सर्विस स्टेशन ढूंढना चाहिए, जिससे ट्रिप थोड़ा लेट हो सकती है, लेकिन बड़ी मुसीबत से बच सकते हैं।

मेरे केस में, रिमोट लोकेशन की वजह से नया रेडिएटर–कंडेंसर तुरंत नहीं मिला, तो रेडिएटर को शहर ले जाकर रिपेयर करवाना पड़ा। इस पुरी प्रक्रिया में ६ घंटे और टेस्टिंग में १ घंटा लग गया। इस बीच हमने पास के ही एक उपहारगृह मे लंच भी कर लिया। कंडेंसर तो रिपेयर नहीं हो सका लेकिन बाकी काम गैराज में चलते रहे। ५ घंटे बाद गाड़ी तैयार हुई और फिर हम बिना ए सी के समृद्धि एक्सप्रेसवे से नागपुर के लिए निकल पड़े। एक्सप्रेसवे पर ११० किमी/घंटा की औसतन स्पीड से ६ घंटे में डिनर ब्रेक के साथ सफर पूरा हुआ।

पिछले साल की पुणे–नागपुर रोड ट्रिप को एक प्रोजेक्ट के रूप में देखा जाए, तो इसमें परियोजना प्रबंधन के कई महत्वपूर्ण पहलू सामने आते हैं। यात्रा की योजना पहले से बनाना, गाड़ी की सर्विसिंग और टायर में नाइट्रोजन भरवाना–ये सब प्रोजेक्ट की प्रारंभिक योजना (Planning) और तैयारी (Preparation) का हिस्सा है।

यात्रा के दौरान अचानक एक्सीडेंट होना, प्रोजेक्ट में आने वाली अनपेक्षित समस्याओं (Risk/Issue) जैसा है। इस एक्सिडेंट से हमारा शेड्यूल बिगड़ गया और बजट भी प्रभावित हुआ, जो परियोजना प्रबंधन त्रिभुज (समय, लागत, गुणवत्ता/स्कोप) की चुनौतियों को दर्शाता है। ऐसे में, प्रोजेक्ट मैनेजर (यहां ड्राइवर) को तुरंत निर्णय लेकर समस्या का समाधान करना पड़ा–जैसे पास के गैराज में गाड़ी ठीक करवाना–जो प्रोजेक्ट में बदलाव (Change Management) और रिसोर्स मैनेजमेंट का उदाहरण है। ऐसी घटनाओं से ही हमे सीख मिलती है कि बदलाव के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

यात्रा के दौरान मील के पत्थर (Milestones) तय करना, जैसे कहां ब्रेक लेना है, प्रोजेक्ट के विभिन्न चरणों (Phases) और माइलस्टोन सेट करने जैसा है, जिससे प्रगति का आकलन होता है। माइलस्टोन से पता चलता है कि कौन सा फेज़ पूरा हुआ या नया शुरू होने वाला है। रास्ते में अन्य यात्रियों से तुलना करना, बेंचमार्किंग और प्रदर्शन मूल्यांकन (Performance Evaluation) जैसा है।

सबसे जरूरी, प्रोजेक्ट का उद्देश्य (Objective) और विज़न स्पष्ट होना चाहिए, जिससे टीम (या परिवार) का फोकस बना रहे और ऊर्जा सही दिशा में लगे। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट का यही सार है–योजना बनाना, बदलाव के लिए तैयार रहना, रिसोर्स का सही उपयोग, समय–लागत–गुणवत्ता का संतुलन, और अंत में, उद्देश्य की प्राप्ति।

और सबसे जरूरी बात – प्रोजेक्ट में पूरी तरह इन्वॉल्व रहना और मकसद क्लियर रखना चाहिए, तभी सफर या प्रोजेक्ट मजेदार बनता है। क्योंकि एनर्जी वहीं जाती है, जहां इरादा होता है, वरना थकावट ही मिलती है।

उम्मीद है, प्रोजेक्ट और रोड ट्रिप की ये तुलना आम भाषा में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की जटिलताओं और उसके समाधान को सरलता से समझने में मदद करेगी।



## A DECADE OF LEADERSHIP AND INNOVATION: MY JOURNEY WITH BAJA SAEINDIA

**- Shri. Ashish S. Rai, HMR**

As I reflect on a pivotal moment in my journey, I am filled with gratitude and pride. On January 9, 2025, I had the incredible honor of witnessing Shri Nitin Gadkari Ji inaugurate BAJA SAEINDIA 2025 and launch the world's first hCNG-powered BAJA buggy. This event was not only significant for the automotive industry but also deeply personal for me.

Serving as the Convener of BAJA SAEINDIA 2025, I took on a range of responsibilities, all aimed at ensuring a seamless and enriching experience for the students participating in the event. I managed key tasks such as procurement and decision-making, which were crucial in keeping the event well-organized and impactful. My focus was always on the students, as I believed their growth and experience were at the heart of BAJA.




This year also marks a decade of my involvement with BAJA SAEINDIA, beginning as a college student participant and progressing through various roles on the Organizing Committee. This journey has significantly enhanced my technical and leadership skills while deepening my understanding of teamwork, mentorship, and relationship-building.

I am sincerely grateful to the Automotive Research Association of India (ARAI) for their unwavering support and to my mentors for their guidance and encouragement. I also want to extend my heartfelt thanks to the dedicated teams behind the scenes—the Organizing Committee, Alumni Committee, Event Support Team, and Technical Team—whose hard work and commitment made this event a success.

As I close this chapter and look ahead, I carry with me invaluable memories and lessons learned. I remain committed to fostering innovation and collaboration in all my future endeavors. Here's to continued growth, new learnings, and even more meaningful milestones ahead!

## Miss Pavni Jitendra Purohit - Gold Medal Achievement













Miss Pavni Jitendra Purohit, a talented 1st Standard student, has achieved remarkable success by winning Gold Medals in both International Mathematics Olympiad (IMO) and International English Olympiad (IEO), conducted by Science Olympiad Foundation (SOF). Congratulations to Miss Pavni Purohit on her spectacular achievements.

## Walase Sisters Shine at the National Level "Soul of Art" Competitions

The National Level "Soul of Art" competitions recently celebrated outstanding artistic talent, with Miss Riddhi Walase winning Gold Medal in Hand Writing Competition and her sister, Miss Siddhi Walase, earning Silver Medal. Siddhi also excelled in Finger & Thumb Painting Competition, securing another Silver Medal for her innovative artwork. Their achievements highlight the remarkable skills of the Walase sisters and reflect their dedication to the arts, making their father, Mr. Ashish Walase, proud.



## Master Aadarsh M. Sarkale: A Rising Star in Mathematics






Master Aadarsh M. Sarkale, 5th grade student, has recently excelled in his SIP Abacus class, achieving outstanding marks that reflect his commitment to academic excellence. He is son of Mr. Mahesh Sarkale, HTC-FMCE. Aadarsh has shown remarkable talent in mathematics and problem-solving skills that have been significantly enhanced through his participation in the Abacus program.

## Miss Yashika Wins First Prize in Camel Art Contest 2024

In the Camel Art Contest 2024, Miss Yashika, daughter of Mr. Shyam Babu, first place in Intra School Level Group A category. This contest showcased the artistic talents of students from various schools and Yashika's hard work and creativity stood out among her peers. Her victory not only highlights her individual talent but also brings pride to her family and school.








### “Believe you can and you're halfway there”

***- Theodore Roosevelta***

This quote inspires me because it emphasizes the importance of having a positive mindset and believing in oneself. It reminds us that our thoughts and attitudes have the power to shape our reality and achieve our goals.

When we believe in ourselves, we open ourselves up to new possibilities and opportunities. We become more confident, resilient, and motivated to take action towards our dreams.

Cultivate a growth mindset and embrace challenges as opportunities for growth. Trust myself and my abilities, even when faced with uncertainty or self-doubt. Stay positive and focused on my goals, even when faced with obstacles or setbacks.

I hope this quote inspires you too!

**- Ms. Shruti Kedar, HRM&A**

### A STORY OF 4 PEOPLE WITH 2 THEORIES

**Theory X:**

This is the story of four people named
Everybody, Somebody, Anybody and Nobody.
There was an important job to be done and
Everybody was sure Somebody would do it.
Anybody would have done it but Nobody did it.
Somebody got angry about that for it was
Everybody’s job.
Everybody thought Anybody could do it.
But Nobody realised that Everybody wouldn’t do it.
It ended up that Everybody blamed Somebody
when actually Nobody accused Anybody.

**Theory Y:**

Corollary: “Somebody thinks, Anybody says,
Everybody does and Nobody knows.”

**- A collection by Mr. S. C. Nikam, PSL**

**Art by Ms. Shruti Kedar, HRM&A**



## श्रीमती ऋचा नाइक द्वारा मंडला कला पेंटिंग

श्रीमती ऋचा नाइक ने अपनी पेंटिंग में मंडला कला के सार को खूबसूरती से कैप्चर किया है, इसके जटिल डिजाइनों और जीवंत रंगों को प्रदर्शित किया है। यह कला रूप न केवल आत्मज्ञान और नश्वरता जैसी आध्यात्मिक अवधारणाओं का प्रतीक है, बल्कि ध्यान के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में भी कार्य करता है, जिससे व्यक्तियों को ध्यान और शांति प्राप्त करने में मदद मिलती है। मंडलों का निर्माण चिकित्सीय हो सकता है, आत्म–अभिव्यक्ति और भावनात्मक उपचार को बढ़ावा दे सकता है।



## श्रीमती ऋचा नाइक द्वारा वारली कला चित्र

श्रीमती ऋचा नाइक ने अपनी पेंटिंग में वारली कला के सार को खूबसूरती से कैप्चर किया है, इसके जटिल डिजाइनों और जीवंत रंगों को प्रदर्शित किया है। उनका काम इस लोक कला के पारंपरिक तत्वों को दर्शाता है, जो वारली चित्रों की विशेषता वाली सादगी और प्रतीकवाद को उजागर करता है।



## कविता (मराठी)

### गंध



गंध तो मातीचा
भेटेन पुन्हा कधीतरी

गंध त्या अंधाराचा
मिळेल पुन्हा कधीतरी

गंध कोऱ्या वहीचा
भावेल पुन्हा कधीतरी

गंध आजीच्या कुशीतला
पुन्हा अजमावेन कधीतरी

गंध जुनेच सारे
भेटतील पुन्हा कधीतरी

**कवी – किरण वाणी**
ए आर ए आई अकादमी

### मेरे मन में एक खयाल आया

मेरे मन में एक खयाल आया
मेरे मन में एक खयाल आया

न होता भ्रष्टाचार कहीं
न होता हिंसाचार कहीं

न होता अनपढ पॉलिटिशन कहीं
न होता गवार पॉलिटिक्स कहीं

न होता पॉल्युशन कहीं
न होता डोनेशन कहीं

न होता सुखा कहीं
न होता गीला कहीं

न होता प्रमोशन का चक्कर
न होता ट्रॅफिक से टक्कर

न होता युद्ध कहीं
न होता शहीद कोई

मेरे मन में एक खयाल आया
मेरे मन में एक खयाल आया

**कवी – आशिष वळसे**
एफएमसीई विभाग



### पृथ्वी



पेटत आहे पृथ्वी
वेळ आहे कमी

तिचं सांगत आहे स्पष्ट
जगायचंय माझ्यासोबत तुम्हाला
की दोघंही व्हायचंय नष्ट?

गेला नाही वेळ अजूनही
अगदी उरलाय थोडा काळ

स्वतःसाठी का होईना टाला अरिष्ट
घेउया कष्ट,

लावूनिया झाडे वया एवढी
करू या साजरे वाढदिवस
असू आपण ज्येष्ठ – कनिष्ठ

लावा झाडे, जगवा झाडे
एव्हडेच, फक्त घ्या हो कष्ट,

अन् टाला पृथ्वीचं अरिष्ट
पृथ्वीचं अरिष्ट.

**कवी – वृंदा पी चक्रपाणि**
ज्ञान केंद्र

## कविता (मराठी)

### ।। स्वामी ।।

कृपाळू माझी माय माऊली
स्वामी आले जीवनी स्वामी आले जीवनी ।।

कृतार्थ करूनी मज पामरासी
काय दिधला आशिर्वाद मजसी
धन्य झाले तव दर्शनी
स्वामी आले जीवनी स्वामी आले जीवनी ।।

मन माझेपण घे हिरावूनी
गर्दीत राहूनी गेले हरवूनी
तूच देशी वाट दावुनि
स्वामी आले जीवनी स्वामी आले जीवनी ।।

नित्य नामस्मरण करूनी
ह्रदयी प्रतिमा कोरूनी
जपता है नाम निशिदिनी
स्वामी आले जीवनी स्वामी आले जीवनी ।।

साऱ्या जगाची परिक्रमा करूनी
दाविले जनी संसार अनुभूतींनी
सत्कर्म हेचि श्रेष्ठ असोनी
स्वामी आले जीवनी स्वामी आले जीवनी ।।

साऱ्या जगाचा विचार करूनी
मी बसले माझे भान हरपूनी
आधार दिला या भ्रमित मनी
स्वामी आले जीवनी स्वामी आले जीवनी ।।

तुम्हीच कायापालट करूनी
दाविली किमया मजसी
सार्थक केले या जिवासी
स्वामी आले जीवनी स्वामी आले जीवनी ।।

**श्रीमती रिचा नाईक**
पर्यावरण अनुसन्धान प्रयोगशाला

## कविता (हिंदी)

### आईना



तेरी खिली हुई मुस्कुराहट को निहारता हूँ
तेरे चेहरे के हर भाव से मेहफूज हूँ
तेरी हर एक झलक को तरसता हूँ
कौन हूँ कौन हूँ ? में तो आईना हूँ ।।
रहा ना करो यूँ ही तुम गुमसुम
मुझसे गपशप लगाया करो तुम
अकेलेपन की तनहाई से दूर रहो तुम
चले आओ साथी मेरे साथ तुम
कौन हूँ कौन हूँ ? मैं तो आईना हूँ ।।
तेरी यही सादगी मेरी चाहत है
तेरे होठों की मुस्कान मेरी राहत है
कभी अपनी खुशी यूँ ही ना गवा देना
तेरी हर खुशियों का एहसास हूँ
कौन हूँ कौन हूँ ? मैं तो आईना हूँ ।।
कभी ना बहाना आँखों से ये मोती
तेरी यही आँखें मुझे बहलाती हैं
तेरी आँखों में डूबा रहता हूँ
तेरी यादों में ही खोया रहता हूँ
कौन हूँ कौन हूँ ? मैं तो आईना हूँ ।।
चेहरे पर जो चेहरा लगाते हैं
अपनी सुरतियाँ छिपाते हैं
हर एक को बेनकाब करता हूँ
असली नकली की पहचान हूँ
कौन हूँ कौन हूँ ? मैं तो आईना हूँ ।।

**श्रीमती रिचा नाईक**
पर्यावरण अनुसंधान प्रयोगशाला

## कविता (हिंदी)

### है हिम्मत?

है हिम्मत? खुद का घर छोड़ आने का
है हिम्मत? नये परिवार को खुश रखने की
है हिम्मत? नये परिवार को खुश रखने का
है हिम्मत? वापस आकर बच्चे संभालने का
है हिम्मत? शराबी पतिदेव से लड़ने की
है हिम्मत? बुरे लोगों से बचने का
है हिम्मत? घर की किस्त चुकाने की
है हिम्मत? बुढे माँ–बाप को संभालने की
अगर सच में है हिम्मत
तो आज़मा लो नारी का एक ही जन्म

**आशीष शांतरम वालेसे**
इंजीनियर, एआरएआई

## POEM (ENGLISH)

### SILENT YEARNING

Beneath a sky of muted grace,
A silent yearning filled the space.
While others craved to roam afar,
My only wish, a guiding star,
To find a hand, a heart to hold,
A constant flame to quell the cold.
Amidst the storm, a sight divine,
A vision bloomed, forever mine.
Vibrant hues, a touch of grace,
Angelic form, a radiant face.
Incomparable, you stand alone,
Dazzling light, that fills my own.
Enchanting smile, a heart so true,
Insatiable yearning, drawn to you.
Vaidehi, name that melts the cold,
A silver lining, worth more than gold.
Sunshine's kiss on darkened skies,
In your eyes, my forever lies.

**Mr. Pradyumna Chopade**
Purchase Dept.

### !!!...मैं हेल्मेट बोल रहा हूँ!!!

हॅलो दोस्तों, पहचाना क्या मुझे? मैं वही हूँ जो आपको सुरक्षित रखने में आपकी मदद करता है जब आप दो पहिया वाहन चलाते होख आजकल मेरी बहुत चर्चा हो रही है, क्योंकी सरकार ने कुछ नियम दुबारा अपनाये हैं और पुलिसवाले उसको शत–प्रतिशत निभाने लगे हैं। इसलिए आप सबको मेरी याद आने लगी है, ताकि आप जुर्माना भरने से बच सकें ख पर क्या मेरा महत्त्व इसलिए है कि आप जुर्माना भरने से बच सके? नहीं ना?

ऐसे भी कुछ लोग हैं जो मेरा इस्तेमाल ईमानदारी से करते हैं, उनको अपने – अपनों की कीमत मालूम हैख मुझे सिर में पहनेंगे तो दुर्घटना के समय आप किसी बड़े चोट से बच सकते हैं और आपके परिवार का नुकसान होने से भी बच सकते होख

कूछ लोग पुलिसवालों से बहस करते हैं कि हम हेल्मेट नहीं पहनेंगे, चाहे आप हमें जुर्माना भरने के लिये बोल दें तो भी चलेगा ख ऐसा बर्ताव अच्छा नहीं है, न ही एक सुजाण नागरिक होने का धर्म आप निभा रहे हैं ख

मेरा मानना है कि आपको आपके परिवार के लिये हेल्मेट पहनना जरूरी है, सरकार का नियम हो या न हो, तो ही दो पहिया वाहन चलाने वाला सुरक्षित रह सकता है

धन्यवाद

यह मेरी स्वलिखित रचना है



**आशीष शांतरम वाळसे**
इंजीनियर, एआरएआई

## INDIA: A NATION TO BUILD, NOT ABANDON

**- Aatmesh Jain,** Academy

India, a land of rich culture, diversity, and innovation, has always been a source of immense opportunities. Yet, in recent years, many young Indians have developed a perception that life is better in developed nations. They point out issues like corruption, pollution and overpopulation, and many choose to move abroad for better job opportunities, better lifestyle and higher salaries.

It's understandable that people want to explore the world and build successful careers. But what's concerning is the growing mindset among youth that "India is not worth staying in". Many settle abroad, follow the strict laws, pay heavy taxes, and work hard for another country's economy. But the moment they face a crisis—be it job loss, legal troubles, or global conflicts—they expect the Indian government to step in and help them. This raises an important question: Are we doing enough for India before expecting everything from it?

### THE GROWING TREND OF MIGRATION

Moving abroad seems like a dream—better salaries, cleaner streets, and well-maintained systems. Every year, thousands of young Indians move overseas for higher education and employment, believing that opportunities are better outside India. But while they settle into these countries, they often realize that life abroad comes with its own struggles—expensive healthcare, social isolation, high living costs, and cultural differences.

Countries like Israel and South Korea instill a strong sense of national responsibility in their youth by mandating military service. These young citizens actively contribute to national security and development. In contrast, while India does not enforce such a requirement, shouldn't we still take responsibility for the nation that has given us so much?

### WHAT INDIANS ABROAD MISS THE MOST

Despite leaving India, many Indians abroad soon realize the unique strengths of their homeland—things they once took for granted.

- **The Warmth of Community** – India thrives on human connections. Whether it's neighbors helping each other or extended families coming together for festivals, the sense of belonging is unmatched. Many Indians abroad miss this deeply.



- **Vibrant Festivals and Traditions** – No matter how grand an Indian festival is celebrated abroad, it can never replicate the energy of Diwali lights across an entire city or Holi's joyous colors in every street.
- **Food and Affordability** – From street food to home-cooked meals, India offers an unmatched culinary experience. Many Indians abroad often crave the authentic flavors that are hard to find elsewhere.
- **Rapid Growth and Innovation** – India is progressing at an extraordinary pace in technology, space, and entrepreneurship. Indians abroad admire this transformation but sometimes regret not being part of it.
- **Cost-Effective and Convenient Lifestyle** – Whether it's affordable domestic help, local markets, or budget-friendly healthcare, India offers a quality of life that many developed nations lack.

### HOW THIS MINDSET AFFECTS THE NEXT GENERATION

This trend of leaving India isn't just about today—it's shaping the way future generations think. Many young parents who move abroad raise their children in a way that distances them from their Indian roots. These kids grow up hearing more about India's challenges than its strengths, and they start believing that India is not worth returning to.




The result? A generation that feels disconnected from their homeland, one that is quick to criticize India but hesitant to contribute to its growth. Instead of working towards making things better, they adopt the mindset that "escaping" is the only solution.

### INDIA IS CHANGING—ARE WE PAYING ATTENTION?

The truth is, no country is perfect. The nations we admire today—whether it's the U.S., Germany, or Japan—weren't built by people who left at the first sign of struggle. They were built by people who stayed, worked hard, and contributed to their country's progress.

India is going through a massive transformation. We are leading in space technology, growing as an electric vehicle hub, and making breakthroughs in medicine, AI, and renewable energy. Our economy is booming, and global companies are recognizing India as the future of innovation. This is the time to be part of the change, not to run away from it.

### A CALL TO ACTION: STRENGTHENING OUR COMMITMENT TO INDIA

Instead of leaving India at the first opportunity, we must work towards improving it. Here's how we can contribute:

- Recognize India's Progress – From space missions like Chandrayaan to being a global tech hub, India is making remarkable strides. Let's acknowledge and celebrate these achievements.
- Be the Change – Instead of complaining about issues like corruption and pollution, we must take responsibility—whether it's following rules, participating in social initiatives, or driving positive change.
- Encourage Service to the Nation – Contributing to India doesn't mean working only in government roles. Entrepreneurship, innovation, mentoring, and skill development are all forms of nation-building.
- Instill Patriotism in Future Generations – Young minds should grow up hearing about India's strengths, culture, and contributions, ensuring they remain connected to their roots.
- Stay connected – Whether you live in India or outside, always remember where you came from. Keep the bond alive.

### BUILDING INDIA, TOGETHER

No country is perfect. The developed nations we admire today have gone through their own struggles. They became prosperous because their citizens stayed, fought, and built a better future.

India has given us education, opportunities, and an identity. It is our responsibility to give back. Instead of abandoning it at the first sign of difficulty, let us invest our skills and efforts in making India the nation we envision.

*The future of India is in our hands. Let's build it together.*

# महाकुंभ यात्रा – एक अविस्मरणीय अनुभव

**– श्री योगेश ढगे, एसडीएल**

भारत हा प्राचीन संस्कृति आणि हजारो वर्षांचा आध्यात्मिक वारसा असलेला देश आहे आपल्या या अनके तपाच्या साधनेतून भारताने जगाला अनेक विलक्षण अश्या गोष्टी दिल्या आहेत, ज्यामध्ये प्रामुख्याने योग, ध्यान पद्धति, वेद, उपनिषदे आणि अनेक विषयातील अनोखे तत्वध्यान आहे आध्यात्म हा तर भारतीय संस्कृतीचा केंद्रबिंदू राहिला आहे. भारतीय परंपरा आणि आध्यात्मिक वारसा संपूर्ण जगाला आपल्याकडे नेहमीच आकर्षित करीत आला आहे.

**महाकुंभ: जगातील सर्वात मोठा आध्यात्मिक महामेळावा**

भारतातील सर्व आध्यत्मिक आणि सांकृतिक परंपरांचा सर्वोच्च उत्सव म्हणजे महाकुंभमेळा! हा जगातील सर्वात मोठा धार्मिक तसेच आध्यात्मिक मेळावा मानला जातो. पुराणांनुसार समुद्रमंथानाची घटना कुंभमेळ्याशी निगडीत आहे. जेव्हा देव आणि दानव यांच्यामध्ये अमृतप्राप्तीसाठी समुद्रमंथन केले गेले, त्यावेळी संघर्षादरम्यान कुंभातील अमृताचे थेंब पृथ्वीवर चार ठिकाणी सांडले, त्या चार ठिकाणीच (हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन आणि नाशिक) कुंभमेळा भरतो.

दर सहा वर्षांनी अर्धकुंभ आणि १२ वर्षांनी पूर्णकुंभ किवा महाकुंभ साजरे होते. जेव्हा असे १२ महाकुंभ पूर्ण होतात तेव्हा त्याला 'महामहाकुंभ' असे म्हटले जाते, हा फार अत्यंत शुभ योग मानला जातो. नुकताच प्रयागराज, उत्तर प्रदेश येथे पार पडलेला कुंभमेळा हा १४४ वर्षांनी आलेला दुर्मिळ योग होता, याआधी १८८८ साली असा योग आला होता आणि यापुढील महामहाकुंभ २१३२ मध्ये होईल.



प्रयागराज येथे गंगा, यमुना आणि सरस्वती या तीन पवित्र नद्यांचा त्रिवेणी संगम आहे. गंगा हे उपासनाचे प्रतिक आहे, तर यमुना कर्माचे आणि सरस्वती ज्ञानाचे. यातील सरस्वती नदी लुप्त स्थितीत आहे तर यमुना, गंगेमध्ये विसर्जित होत पुढे गंगा म्हणूनच वाहते. याचाच अध्यात्मिक अर्थ पहिला तर लक्षात येईल कि कर्म आणि ज्ञान यांचे विसर्जन उपासनेमध्ये करूनच आपण आपला जीवनप्रवाह पुढे नेला पाहिजे.

प्रयागराज मध्ये १३ जानेवारीपासून २६ फेब्रुवारी २०२५ या काळामध्ये महाकुंभ पार पडले. या महाकुंभमध्ये जाहीर केलेल्या आकड्यानुसार ६० कोटींपेक्षा जास्त भाविकांनी जगातील या सर्वात मोठ्या आध्यात्मिक महामेळाव्याला भेट दिली, त्यातील आपणही एक आहोत हे मी माझे भाग्यच समजतो.

**प्रवासाची पूर्वतयारी :**

आमच्या प्रयागराज महाकुंभ यात्रेचा संपूर्ण प्रवास अतिशय रोमांचक आणि संस्मरणीय ठरला. पुण्यासारख्या ठिकाणी जेथे प्रत्येकजण आपल्या दिनचर्येत आणि कार्यांत एवढा आकंठ बुडालेला असतो की त्यामुळे आपल्या देशात होऊ घातलेल्या अश्या दुर्मिळ पर्वणीत इच्छा असूनही जाण्याचा योग येत नाही. असे असले तरी अखेरीस एका रविवारी सुरु झालेल्या चर्चेतून आपण प्रयागराज तसेच जवळपासच्या तीर्थक्षेत्रांना भेट देत हे आध्यात्मिक पर्यटन करायचेच यावर आमच्या सोसायटीमधील पाच जणांचे ठरले.

**पहिला दिवस (१९/०२/२०२५, बुधवार)**



संध्याकाळी साधारण ५.३० वाजता पुण्याहून नागपूरच्या दिशेने प्रवास सुरू केला. पुणे–सिन्नर मार्ग आणि नंतर समृद्धी महामार्गाचा वापर करून आम्ही दुसऱ्या दिवशी पहाटे ५ वाजता नागपूरला

पोहोचलो. रात्रीचा प्रवास तोही लांबचा आणि त्यात समृध्दी मार्गाने म्हणून थोडी काळजी वाटत होती, पण आमच्या चालकांनी संपूर्ण रात्र अतिशय सफाईने गाडी चालवली. महत्वाचे म्हणजे संपूर्ण प्रवासात सर्वांनी सुरक्षतेची काळजी घेतली, सिटबेल्टचा वापर करणे, योग्य टायर प्रेशर, ब्रेक्स, थोड्या अंतराने आराम करणे इत्यादी.

### दुसरा दिवस (२०/०२/२०२५, गुरुवार)

आम्ही जाताना त्रिमूर्तीनगर, नागपूर येथील माझ्या नातेवाईकांच्या घरी थोडी विश्रांती घेऊ असे ठरले. सकाळी फ्रेश होऊन सर्वांनी सुप्रसिद्ध नागपुरी तर्री पोहे आणि उपवासाची खास जिलेबी यांचा पोटभर नाश्ता केला.

त्रिमूर्तीनगर जवळील श्री गजानन महाराजांचे मंदिर आज प्रगटदिन असल्याने सुंदर रीत्या सजवले होते, तिथे जाऊन महाराजांचे दर्शन घेतले आणि पुढील प्रवास छान आणि सुरक्षित होऊ द्या म्हणून प्रार्थना केली. त्यानंतर लागलीच प्रयागराजच्या दिशेने प्रयाण केले.

नागपूरवरून साधारण पणे २७५ किमी अंतरावर भेड़ाघाट नावाचे एक सुंदर ठिकाण लागते. नर्मदा नदीच्या काठावर वसलेले हे ठिकाण अतिशय निसर्गरम्य आहे. या ठिकाणी नर्मदा नदीचे पाणी खळाळत वाहते आणि अनेक ठिकाणी वरून खाली पडत छोटे-छोटे धबधबे तयार होतात. त्यामुळे नर्मदा नदीच्या दुसऱ्या बाजूला जाण्यासाठी रोपवेची सोय आहे. नदीच्या प्रवाहामुळे तयार झालेले संगमरवरी दगडांचे नैसर्गिक प्राकृत कड-तरंगही इथे आहेत. नर्मदा मैयाचे स्पटिका प्रमाणे असणारे स्वच्छ पाणी खाली कोसळताना जसे काही लक्ष-लक्ष हिऱ्याची उधळणच होत असा भास होतो. नर्मदा मैयाच्या नुसत्या दर्शनानेच सर्व पापांचा विनाश होतो आणि मोक्षाची प्राप्ती होते, अशी आख्यायिका आहे आणि त्याचा प्रत्यक्ष अनुभवच आम्ही घेत होतो.

भेडाघाट पासून प्रयागराज चे अंतर साधारण ३८० किमी आहे, रस्ते चांगले असल्याने ६ ते ७ तासात आम्ही तिथे पोहचू शकत होतो. त्याप्रमाणे आम्ही अगदी आरामशीर प्रवास करीत पुढे निघालो.

### तिसरा दिवस (२१/०२/२०२५, शुक्रवार)

आम्ही रात्री उशिरा म्हणजे साधारण १ वाजण्याच्या सुमारास प्रयागराज शहराबाहेर येऊन पोहोचलो. शहरात प्रवेश करताना अपेक्षेप्रमाणे वाहतूक कोंडी झाली होती. मात्र पोलिसांच्या तत्परतेमुळे दोन तासानंतर मार्ग मोकळा झाला. महाकुंभ सुरु झाल्यापासूनच पोलीस, स्थानिक प्रशासन, स्वयंसेवक रात्र-दिवस तिथे राबत होते.

आम्ही साधारण पणे रात्री तीन वाजता 'टेंट सिटी' च्या गंगा घाटापर्यंत पोहचलो. सर्वत्र दिव्यांची रोषणाई, रुंद रस्ते तसेच जागोजागी पार्किंगची व्यवस्था यामुळे रात्र असूनही सर्वत्र दिवसासारखा झगमगाट होता. पोलिसांची मदत आणि उउद्धत चा पहारा सर्वत्र होता. थोड्या वेळाच्या प्रयत्नानंतर आमची गाडी अगदी घाटाच्या जवळपर्यंत आम्हाला घेऊन जाता आली.

रात्रीचे ३ वाजत  असल्याने अगदीच तुरळक गर्दी होती. त्यामुळे आम्ही थेट गंगाघाटावर स्नानासाठी पोहचलो. हाच तो क्षण ज्याची आम्ही खूप आतुरतेने वाट पाहत होतो आणि ज्या धेयापायी हा सर्व खटाटोप केला होता. घाटावर सर्वकडे स्वच्छतेची आणि सुरक्षेची काळजी घेतल्याचे जाणवले. मोठे जाडसर दोरखंड आणि तरंगणारे डबे यांच्या मदतीने नदीचे पाणी वेगळे करून स्नान करण्यासाठी सीमा आखली होती.  अगदी ठरल्याप्रमाणे ब्रह्ममुहूर्तावर ४ ते ४.३० यावेळेत आम्ही पवित्र स्नानासाठी डुबकी मारली. गंगा-यमुना आणि सरस्वती या तीन नद्यांच्या संगमात पवित्रतेची आणि मोक्षाची अनुभूती मिळाल्याचा मनोमन आनंद झाला. स्नान झाल्यावर आम्ही पवित्र गंगाजल भरून घेतले, या पवित्र स्थळाला आणि गंगा मैयाला हृदयातून नमन करून, आम्ही सकाळी साधारण ६ च्या सुमारास प्रयागराजवरून वाराणशीच्या दिशेने निघालो.

हिंदू धर्मामध्ये  काशीला (वाराणसी) अनन्य साधारण महत्व आहे. मोक्षनगरी म्हणूनही काशी शहर प्रसिद्ध आहे. वाराणसीत पोहोचल्यावर आम्ही एका ओळखीच्या स्नेहयांकडे त्यांच्या घरी गेलो. तिथे चविष्ट छोले-पूरीचा नाश्ता करून आम्ही सर्वजण तिथेच फ्रेश झालो. त्यांनी सांगितल्याप्रमाणे आम्ही साधारण ४ किमी अंतरावर असलेल्या श्री काशी विश्वनाथ मंदिराच्या दिशेने निघालो. महाकुंभ मेळ्यामुळे वाराणशी इथेही प्रचंड गर्दी झाली होती. मंदिरात दर्शनासाठी लांबच-लांब रांग लागली होती. दर्शनासाठी साधारणपणे ६ ते ७ तास रांगेत उभे राहावे लागणार होते. त्यामुळे आम्ही बाहेरूनच श्री काशी विश्वनाथाचे मनोमन दर्शन घेण्याचे ठरवले.

त्यानंतर सर्वात प्रथम वाराणसी येथील प्रसिद्ध मणिकर्णिका या घाटाला भेट दिली. हे एक पवित्र ठिकाण असून याला 'महास्मशान' असेही म्हटले जाते. वाराणशीतील सर्वात पुरातन असा हा घाट आहे. असे मानले जाते कि येथे अंत्यसंस्कार झाल्यास मृत आत्म्यास मोक्ष प्राप्त होतो आणि त्याला जन्म मरणाच्या चक्रातून

मुक्ती मिळते. या घाटाच्या विषयी अनेक पौराणिक कथा सांगितल्या जातात त्यातील एका कथेनुसार येथे भगवान विष्णूने येथे एक कुंड तयार केले आणि कालांतरानी या ठिकाणी शिव–पार्वती यांना स्नान करण्याचा मोह झाला. त्यावेळी माता पार्वतीच्या कानातील कर्णफुले इथे पडली, म्हणून या घाटाला मणिकर्णिका घाट असे नाव पडले. या घाटावर अविरतपणे अग्नी आणि दाहसंस्कार चालू राहतील असा पूर्वापार परिपाठ आहे, तेव्हापासून आजतागायत इथे अविरतपणे २४ तास अंत्यसंस्कार चालू असतात. ते सर्व दृश्य पाहून, जीवनाच्या अंतिम सत्यापुढे आपल्या सर्व भीती, समस्या तसेच इच्छा, आकांक्षा अगदी क्षुद्र वाटू लागल्या. विश्वाचा निर्माण कर्ता ब्रम्हा, पालनकर्ता विष्णू आणि विनाशकर्ता महेश या त्रिमुर्तींची जाणिव इथे प्रत्येकाला झाली.

वाराणशी इथे गंगेच्या काठावर अतिशय सुंदर असे घाट बांधले आहेत आणि त्यांना वेगवेगळ्या नावाने संबोधित केले गेले आहे. त्यातील 'दशाव्श्मेध घाट' हा एक प्रमुख घाट आहे, जिथे रोज भव्य गंगा आरती केली जाते. त्याचे दर्शन घेतल्यानंतर आम्ही नौकेतून वाराणसी येथील ८४ सुंदर घाटांचे दर्शन घेतले. यामध्ये प्रामुख्याने अस्सी घाट, पंचगंगा घाट, भोसले घाट इत्यादी आहेत आणि शेवटी आम्ही हरिशचंद्र घाटावर उतरलो. येथे जवळच 'जुना आखाडा' नावाचा भारतातील सर्वात प्राचीन आणि सर्वात मोठा शैव संप्रदायाचा आखडा आहे. हा आखाडा विशेषतः नागा आणि अघोरी साधूंनी व्यापला आहे.

तिथे प्रयागराजहून आलेल्या नागा साधुंसोबत आम्ही संवाद साधला आणि त्यांचे आशीर्वाद घेतले. आपण आयुष्यभर भौतिक सुख, पैसे आणि प्रसिद्धीमागे सतत धावत असतो आणि तरी समाधानी होऊ शकत नाही. साधूंचे संन्याशी जीवन, निस्वार्थी वृत्ती आणि तेजस्वी व्यक्तिमत्त्व पाहून आम्हाला एका अनोख्या अध्यात्मिक जगाची नव्याने ओळख झाली..

आमच्या प्रवासाचा पुढचा टप्पा अयोध्या होता. वाराणशी ते अयोध्या हे अंतर २२० किमी आहे, रस्ता बऱ्यापैकी चांगला असल्याने हे अंतर साडेचार तासात पार होते. रात्री ९ च्या सुमारास अयोध्येपासून ४० किमी अलीकडेच आम्ही प्रचंड मोठ्या वाहतूक कोंडीत अडकलो. अनेक गाड्या पुढे जाण्याच्या चढा–ओढीत समोरून येणाऱ्या वाहनांना अडथळा निर्माण करीत होत्या. अर्धा एक तासात पोलिसांचा ताफा त्या ठिकाणी पोहचला, पण फारच धीम्या पद्धतीने वाहतूक पुढे सरकत होती, एक तास, दोन तास करता करता तब्बल ५ तासानंतर कोंडी फुटली आणि मग वाहनांनी आपला वेग पकडला.

**चौथा दिवस (२२/०२/२०२५, शनिवार)**



या सर्व प्रकरणामुळे आम्हाला अयोध्येत निवासग्रुहापर्यंत पोहचायला शेवटी पहाटे ४ वाजले. अयोध्येतही गर्दी झाली आहे हे समजले होते, त्यामुळे पहाटे ५.३० वाजताच आम्ही श्रीराम जन्मभूमीच्या दिशेने निघालो. साधारण ४ किमी अंतर अनवाणी चालून, प्रथम हनुमानगढीचे दर्शन घेतले. महाकुंभ यात्रेमुळे सर्वच भाविक वाराणशी आणि अयोध्येत येत होते, त्यामुळे या दोन्ही शहरामध्ये भाविकांचा महापूर आल्यासारखी गर्दी झाली होती. आम्हीही आज त्याच गर्दीचा भाग होऊन राम–नामामध्ये तल्लीन होऊन पुढे ढकलले जात होतो. आम्ही हळूहळू एका विस्तीर्ण अश्या वास्तूमध्ये प्रवेश करीत, श्रीरामजन्म भूमीत पाऊल ठेवले. रामलल्ला जिथे विराजमान झाले होते, तेथील सुंदर आणि मनमोहक श्रीरामाचे दर्शन घेतले. नक्षीदार खांब, गोपुरे आणि सोन्यामध्ये न्हाऊन निघाल्याप्रमाणे दिसणारे श्री राम मंदिर !! अशी भव्य दिव्य वास्तु आणि स्थापत्य कलेचा उत्तम नमुना पाहून आम्ही थक्क झालो..

आमच्या प्रवासाचा पुढचा टप्पा उज्जैन होता. अयोध्या ते उज्जैन हे अंतर जवळपास ९५० किलोमीटर आहे. अनेक ठिकाणी ट्रॅफिक

जाम टाळण्यासाठी लखनौ–कानपूर–उज्जैन असा थोडा लांबचा मार्ग घेतला.

**पाचवा दिवस (२३/०२/२०२५, रविवार)**

सकाळी ७ वाजता आम्ही उज्जैनला पोहोचलो. मंदिरात जाण्यापूर्वी आंघोळ करून जवळ असलेल्या हॉटेलमध्ये इंदुरी पोह्यांचा यथेच्छ आस्वाद घेतला. महाकालेश्वर हे बारा ज्योतिर्लिंगांपैकी एक आहे. अनेक वर्षांनतर मी उज्जैनला आलो होतो, महाकालेश्वर मंदिर आणि परिसराचा पूर्णपणे कायापालट झालेला जाणवला. बाहेरचा परिसर आणि त्यामध्ये उभ्या केलेल्या शंकर–पार्वतीच्या विविध मुद्रेतील भव्य मूर्तींनी तर त्याला एक वेगळीच झळाळी आली होती.

बम–बम भोले, जय महाकालचा मोठ्याने जयघोष करीत सारे भाविक आपल्या प्रिय देवाचे दर्शन घेण्यासाठी उत्सुक झाले होते. श्री महाकालचे अतिशय छान दर्शन झाले.

त्यानंतर आम्ही गाडी काढून श्री कालभैरवाचे दर्शन घेण्यासाठी गेलो. महाकाल मंदिरापासून साधारणपणे ३ किमी अंतरावर हे मंदिर आहे. इथे मात्र भाविकांची प्रचंड गर्दी असल्यामुळे रांगेत लागून दर्शन घ्यायला लागणार होते. दुपारचे साडेबारा वाजले होते, सूर्य पूर्ण ताकतीने तळपत होता. सर्वांनी ठरवल्यामुळे कितीही वेळ झाला तरी दर्शन घेऊनच निघायचे ठरले. साधारण दोन तासांनी दर्शन झाले.

त्यानंतर आम्ही लागलीच ओंकारेश्वरच्या दिशेने प्रवास सुरू केला. उज्जैन ते ओंकारेश्वर हे अंतर १५० किलोमीटर आहे. नर्मदा नदीच्या उत्तरेकडे ओंकारेश्वर आणि दक्षिणेकडे मामलेश्वराचे मंदिर आहे, या दोन्हींचे दर्शन घेतल्याशिवाय ज्योतिर्लिंग यात्रा पूर्ण होत नाही असे मानतात. आम्ही ओंकारेश्वर येथे राहण्याचा निर्णय रस्त्यामध्ये असतानाच घेतला. तिथे असलेल्या श्री गजानन महाराजांच्या मठाशेजारीच एका होम स्टेमध्ये आमची राहण्याची उत्तम सोय झाली. समान वगैरे इथे ठेऊन, आम्ही लागलीच महाराजांच्या मठातील महाप्रसाद घेण्यासाठी गेलो.

त्यानंतर मामलेश्वराच्या मंदिरात गेलो. मंदिर प्राचीन नागर शैलीत आहे, भिंतीवर उत्कृष्ट अतिशय कोरीव आणि नक्षीदार शिल्पकाम आहे. स्कंद पुरण आणि शिव पुराणातही या मंदिराचा उल्लेख आढळतो.

**सहावा दिवस (२४/०२/२०२५, सोमवार)**

पहाटे साडेचार वाजता उठून श्री ओंकारेश्वराचे दर्शन घेतले. आज सोमवार आणि त्याचबरोबर एकादशी असल्याने हा एक छान योग होता. पहाटे लवकर आल्याने फारच कमी लोक मंदिरात होते. नर्मदा नदीच्या प्रवाहामुळे येथे ॐ आकाराचा टापू तयार झाला आहे, म्हणून या स्थानाला ओंकारेश्वराचे नाव दिले आहे.

मंदिराच्या सभामंडपात बसलो असतानाच पांढरे कपडे परिधान केलेले एक वृद्ध जोडपे दिसले. त्यांच्या एकंदर पेहराव्यावरून हे नर्मदा परिक्रमावासी आहेत हे माझ्या लगेच लक्षात आले. नर्मदा नदी ही पृथ्वीतलावरील सर्वात जुनी नदी असल्याचा उल्लेख अनेक पुराणांमध्ये सापडतो, तसेच विज्ञानानेही आता ते सिद्ध केले आहे. मार्कंडेय ऋषीनीही नर्मदा परिक्रमा केल्याचे पुराणांमध्ये दाखले आहेत. मी तसाच उठून त्या वृद्ध जोडप्याला भेटायला गेलो. त्यांच्याशी बोलल्यावर समजले की त्यांची ही चौथी परिक्रमा आहे. हे ऐकून मात्र मी अक्षरशः अवाक झालो, कारण नर्मदा परिक्रमा करणे सोपे नाही. साधारणपणे चालत परिक्रमा करण्यास चार ते पाच महिने लागतात. जवळ पैसे किवा काही वस्तू न ठेवता, फक्त मैयाच्या आधाराने चालत राहायचे. सर्व मोह–माया सोडून फक्त नर्मदा मैयाच्या ओढीने चालत राहायचे. अर्थात तीही भक्तांना साथ



देते आणि परिक्रमावासीयांच्या अनुभवानुसार वेगवेगळ्या रुपात मैया येऊन भेटते. आपल्या भारताची ही आध्यात्मिक बाजु जगात इतरत्र कोठेही पाहायला मिळणार नाही.

ओंकारेश्वर इथून आम्ही महेश्वरकडे जायला निघालो. महेश्वर येथे राणी अहिल्यादेवी होळकर यांची राजधानी होती. तेथे आजही सुस्थितीत असणारा त्यांचा राजवाडा, पूजाघर आणि मंदिरे आहेत. ओंकारेश्वर ते महेश्वर हे अंतर ६५ किमी आहे साधारण एक तासात तिथे पोहचता येते. राजवाडा आणि परिसर गावाच्या मध्यभागी थोडा उंचावर आहे. राजवाड्याच्या प्रवेशद्वारावर राणी अहिल्यादेवींचा भव्य पुतळा आहे.

त्यानंतर आम्ही त्यांच्या राजवाड्याला भेट दिली, तिथेच त्यांचे भव्य पूजाघर आहे. पुजाघरामध्ये २२ किलो वजनाचा सोन्याचा झुला, तसेच अनेक शिवलिंग, शाळीग्राम आहेत. इथे असलेल्या राजदरबारातून अहिल्याबाईंनी २८ वर्ष आपला राजकारभार चालवला. अहिल्याबाईंच्या जीवनामध्ये अनेक दुःखाचे प्रसंग आले, पण मोठ्या धैर्याने त्या या प्रसंगांना सामोऱ्या गेल्या. त्यांचे सासरे मराठा साम्राज्याचे शूर सेनापती मल्हारराव होळकर यांनी त्यांना आपल्या मुलीसारखे सांभाळले आणि त्याकाळी पतीच्या पश्च्यात सती जाण्याच्या प्रथेपासून आपल्या सुनेला थांबवले. उत्तम राज्यकारभार चालवण्याचे धडे त्यांनी अहिल्याबाईंना दिले. आपल्या आयुष्यात आलेल्या दुःखाना विसरून, आपल्या प्रजेला सुखी कसे करता येईल यालाच नंतर त्यांनी आपल्या जीवनाचे ध्येय बनवले.

आपल्या कार्यकाळात अहिल्याबाईंनी अनेक पुरातन मंदिरांचे जीर्णोद्धार केले आणि नदीतीरावरील अनेक मंदिरांचे घाट बांधले. आपला पुरातन इतिहास आणि अध्यात्मिक वारसा जपण्यात अहिल्याबाईंचा मोठा वाटा आहे आणि त्यासाठी आपण सर्व त्यांच्या या कार्यासाठी नेहमीच ऋणी आहोत.

महेश्वर हे ठिकाण आणखीन एका गोष्टीसाठी प्रसिद्ध आहे, ते म्हणजे येथील महेश्वरी साडी. ही कारीगिरी महेश्वर मध्ये आणण्यासाठी सुद्धा अहिल्यादेवींची दूरदृष्टी स्पष्टपणे जाणवते. आपल्या लोकांना रोजगार मिळाला पाहिजे आणि एक वेगळी ओळख त्यांच्या कामाला मिळावी म्हणून त्याकाळी रेशीम आणि प्रशिक्षित कारागीर त्यांनी महेश्वर इथे आणले होते.

राजवाडा नर्मदा नदीच्या भव्य किनाऱ्यावर वसला आहे आणि त्याचे विलोभनीय दृश्य आम्हाला पाहायला मिळाले. या सुंदर नर्मदा घाटावर सर्वांना ग्रुपचे छायाचित्रण करण्याच मोह आवरला नाही



आणि तिथेच असलेल्या एका फोटोग्राफर काहून आम्ही सर्व ग्रुपचा अतिशय सुंदर फोटो लागलीच प्रिंट करून घेतला.

महेश्वर नंतर आम्ही नर्मदा सहस्त्रधारा येथे भेट दिली. पौराणिक कथेनुसार माहेश्मती (आताचे महेश्वर) राज्याचे सम्राट 'कार्त्यावियां यांनी एकदा आपली शक्ती आजमवण्यासाठी आपल्या सहस्त्र भुजांनी नर्मदेला थांबवण्याचा प्रयत्न केला होता. परंतु नर्मदाचे खळाळत्या प्रवाहाने त्यातूनही वाट काढली आणि त्यातीन सहस्त्र धारा उत्पन्न झाल्या. याठिकाणी नर्मदा मैयाचे पाणी असंख्य वेगवेगळ्या धारांमधून आवाज करत दगडांवरून खाली वाहत राहते म्हणून याला नर्मदा सहस्त्र धारा म्हणून संबोधिले जाते.

शेवटी आम्ही धुळे येथे थोड्यावेळ थांबून रात्रीचे जेवण घेतले. आपल्या प्रवासाच्या सर्व आठवणी आणि गप्पा झाल्या. रात्री बारा वाजता गाडीचा स्टार्टर पुन्हा मारला आणि सकाळी ७ वाजता पुण्याला आपापल्या घरी अगदी सुखरूप पोहोचलो. या प्रवासातील आठवणींचा ठेवा आयुष्यभरासाठी मनात कायमचा जतन करून आंम्ही एकमेकांचा निरोप घेतला.

**महाकुंभ आध्यात्मिक यात्रा: एक संस्मरणीय आठवण**

एका छोट्याश्या चर्चेतून सुरू झालेली महाकुंभची यात्रा अतिशय सफल झाली, १४४ वर्षांनी आलेल्या या महामेळाव्यात आपण सहभागी होऊ शकलो याचे खूप समाधान होते. या संपूर्ण प्रवासात आम्ही बरेच काही अनुभवले होते. नर्मदा दर्शन, आध्यात्मिक तेजाने उजळलेले साधू-संत, तीन ज्योतिर्लिंग, अयोध्या, उज्जैन तीर्थक्षेत्रे आणि महाकुंभात ब्रम्हमुहूर्तावर गंगेतील-यमुना-सरस्वती या त्रिवेणी संगमाच्या पवित्र स्नानचा दुर्मिळ आणि रोमांचक अनुभव.....

जय गजानन.

## पुणे – गोवा – पुणे: एक अविस्मरणीय यात्रा

हर साल, कार्यालय में हम चर्चा करते थे कि इस वर्ष गोवा की यात्रा करेंगे। हम सभी मित्र गोवा के प्रति बहुत आकर्षित थे, लेकिन निर्धारित तिथियों पर सभी के लिए यात्रा संभव नहीं हो पाती थी। इस वर्ष, चर्चा के दौरान, हमने ठान लिया कि हम यात्रा करेंगे। सभी ने एक–एक करके हाँ कर दी, और अंततः श्री पटेलजी ने भी हमारी बात मान ली। लगभग नौ सालों से चल रही इस गोवा यात्रा की योजना अब साकार होने जा रही थी।

योजना बनाना शुरू हुआ। श्री खोले साहब ने हाल ही में एक एसयूवी कार खरीदी थी और सभी सहयोगियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्होंने यात्रा का खर्च उठाने का निर्णय लिया। इस प्रकार, हमारे आने–जाने का मसला हल हो गया। हमारे विभाग प्रमुख श्री प्रसन्ना भट और सहयोगी श्री नागवड़े से यात्रा के दौरान विभिन्न मार्गों और पड़ावों के बारे में जानकारी ली गई। सर्वसम्मति से १७ जनवरी २०२५ की तारीख तय की गई। सहयोगी श्री विठ्ठल ने तुरंत गूगल पर खोज कर तीन रातों के लिए एक अच्छा रिज़ॉर्ट बुक कर दिया। अन्य साथियों ने छोटी–छोटी जिम्मेदारियां उठाईं और यात्रा की तैयारियां पूरी कीं। यात्रा पर निकलने से एक दिन पहले ८वें वेतन आयोग की स्थापना की खबर आई, जिससे हमारी यात्रा का आनंद दोगुना हो गया।

यात्रा का दिन आ गया। हम बड़े उत्साह के साथ सुबह छह बजे पुणे से निकले। सफर के दौरान अच्छी बातचीत, गाने और हंसी–मजाक के साथ हमने सातारा में ८ बजे नाश्ता किया। हमने अनुस्करा घाट से होकर कोंकण मे मुंबई गोवा राजमार्ग पर उतरना तय किया था। कराड से मुड़कर हम घाट की ओर बढ़े। रास्ते में पड़ने वाले गाँवों के जीवन को देखते हुए हम घुमावदार रास्ते पर आगे बढ़ रहे थे। एक छोटे से पड़ाव के रूप में, हम सड़क किनारे एक होटल ओंकार में चाय के लिए रुके। होटल वालों ने हमारी उत्सुकता देखकर बातचीत की। बातों–बातों में पता चला कि होटल परिसर का सौंदर्यीकरण शुरू है। होटल मालिक की इच्छा के अनुसार, हमने वहां बड़े उत्साह से पौधे लगाए।

आगे यात्रा में पता चला कि रास्ते में चार किलोमीटर की दूरी पर पावनखिंड है। हमारे नियोजित कार्यक्रम में थोड़ी सी बदलाव करते



















हुए हमने पावनखिंड जाने का निर्णय लिया। अगले १० मिनट में हम उस पवित्र भूमि पर थे। नीचे उतरकर दर्रा देखा। यहाँ की धरती ने कितना महान भीमकाय पराक्रम देखा था। श्री छत्रपती शिवाजी महाराज के मावळों के पराक्रम की जानकारी से सभी का हृदय गर्व से भर गया। हमने यहाँ बाजी प्रभु के स्मारक को नमन किया और कृतज्ञता की भावना के साथ अपनी आगे की यात्रा शुरू की। हमने अपने साथ यहाँ की यादों का खजाना लिया जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगा।

यात्रा के दौरान उस बेहद कम व्यस्त सड़क पर, हम सह्याद्री पहाड़ियों को देखते हुए इत्मीनान से आगे बढ़ रहे थे। जहाँ से हम गुजर रहे थे उन गावों में हमने ऐसा महसूस किया कि यहाँ पर दैनिक जीवन में किसी प्रकार की जल्दबाजी नहीं थी, जो हम लोग शहर में अक्सर महसूस करते हैं। सब कुछ प्रकृति के नियमों के अनुसार हो रहा था। हम ९० के दशक में सड़कों की आज़ादी का अनुभव कर रहे थे। मन और सड़क दोनों बहुत शांत और सुकून भरे थे। ऐसी शांत सड़क पर यात्रा करते समय, चारों बाजुओं के घने पहाड़ और विलोभनीय निसर्ग के सौंदर्य को मन में समाते हुए किशोर कुमार साहब के सदाबहार गाने यारों के साथ सुनते हुए सफर करना, इस अनुभव को शब्दांकित कैसे करें ? घाट रास्तों की नज़ाकत अपनी आँखों में कैद करते हुए हम अनुस्करा घाट के माथे पर पहूँचे। यहाँ की प्रकृति बहुत ही शानदार है! यहाँ का नजारा घंटों बैठकर देखने लायक होता है। सब कुछ आंखों और कैमरे में कैद हो गया।

अक्षले पड़ाव पर, हमने एक घरगुती रेस्तरां में बहुत स्वादिष्ट दोपहर का भोजन किया और संकरी सड़क पर आगे बढ़ते हुए हम मुंबई–गोवा हाईवे पर पहूँचे। प्रारंभिक योजना के अनुसार हमें शाम ६ बजे गोवा पहूँचना था, लेकिन हम सभी के उत्साह और मौज–मस्ती में हमें समय का पता ही नहीं चला और हमें गोवा पहूँचने में रात के १० बज गए। ठहरने की जगह पर जाने से पहले, हमने पास के ही प्रसिद्ध FAT-FISH होटल में बढ़िया सीफ़ूड का आनंद लिया।

